हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025



## खबर संक्षेप



### राज्योत्सव तूता पार्किंग से वाहन की हुई चोरी

**अभनपुर।** राज्योत्सव मेला स्थल ग्राम तूता की पार्किंग से फिर एक वाहन चोरी हो गया। ग्राम बनरसी निवासी एवं वन विभाग नवा रायपुर के कर्मचारी ने बताया कि उन्होंने अपनी एक्टिवा स्कूटी क्रंमाक सीजी04 एमडब्लू7068 को 4 नवंबर की रात पार्किंग पी 6 में खड़ी की थी। रात 10.30 बजे लौटने पर स्कूटी गायब मिली। यह राज्योत्सव स्थल से दर्ज चौथी वाहन चोरी है। लगातार हो रही घटनाओं से नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। अभनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### तहसील साहू संघ की कार्यकारिणी घोषित

**कूंरा।** शुक्रवार को धरसीवां तहसील संघ के चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें निर्विरोध लेख राम साहू अध्यक्ष चुने गए वहीं उपाध्यक्ष फूलचंद साहू महिला उपाध्यक्ष मंजू साहू संगठन सचिव अनिल साहू महिला संगठन सचिव खोम भाई साहू यह चुनाव जिला रायपुर अध्यक्ष देवनाथ साहु , न्याय प्रकोष्ठ डॉक्टर दूज राम साहू , अशोक साहू , चूड़ामणि साहू , परिक्षेत्र अध्यक्ष गणेश राम साहू , प्रतिमा साहू , किरण साहू , एवं साहू समाज के धरसीवां तहसील साहू संघ के सभी सव जाती बंधु की उपस्थिति में यह चुनाव संपन्न हुआ।

## निधन

### सप्तऋषि बंजारे

आरंग। वार्ड 16 बैहार आरंग निवासी सप्तऋषि बंजारे का



शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे कुलेश, गणेश, मनेश बंजारे के पिता थे।

### टेकराम माण्डे

**तरपोंगी।** खैरखूँट निवासी पूर्व पंच व भूतपूर्व सरपंच प्रतिनिधि टेकराम माण्डे 52 वर्ष का 7 नवम्बर को



दोपहर निधन हो गया। निधन की खबर सुनकर ग्रामवासी व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार 8 नवम्बर सुबह 11 बजे खैरखूँट मुक्ति धाम में किया जाएगा।

## आयोजन : प्रधानमंत्री मोदी की पहल से युवक-युवतियों को मिला देशप्रेम का संदेश

# वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ समारोह में राष्ट्रीय एकता और देशप्रेम की प्रेरणा मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय तिल्दा में शाम को कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अतिथि के रूप में पार्षद रानी सौरभ जैन, पूर्व पार्षद सुधा चौबे, सौरभ जैन, विद्यालय के कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, अमरजीत पासवान, प्राचार्य श्रवण साहू उपस्थित हुए। वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें यहां बच्चों को 150 के आकार में बैठाया गया था, अतिथियों ने अपने उद्बोधन में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्व होने पर बधाई दी व बताया कि पूरे साल भर 4 चरणों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रानी सौरभ जैन, दिलीप वर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि वंदे मातरम को 4 भागों में बांटा गया है और साल भर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सभी के द्वारा वंदे मातरम राष्ट गीत का सामूहिक गान किया गया तत्पश्चात पार्षद रानी सौरभ जैन द्वारा सभी बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया।



### सशिमं नेवरा में शानदार आयोजन

इसी तरह सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर वंदेमातरम गीत की 150 वीं वर्षगाठ को उत्साह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम फाउंडर मेंबर दिलीप शर्मा ने सभी भैया बहनों को वंदे मातरम गीत की 150वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित इस गीत को आजादी के मतवाले वीरों द्वारा जब गाया गया तो इसे सुनकर अंग्रेजो के भी कान खडे हो गये। उन्होंने कहा कि यह गीत आज भी सुनने में जितना कर्णप्रिय और सुंदर है उतना ही लोगों में जोश और उत्साह भरने वाला है। प्राचार्य वासुदेव साहू ने सभी को वंदे मातरम गीत के 150वीं वर्षगाठ की शुभकामनाएं दी। आचार्य मनीष पटेल द्वारा राष्ट्र गीत के निर्माण के विषय पर प्रकाश डाला गया। इसके पश्चात विद्यालय के समिति सदस्यों, आचार्य- दीदियो एवं भैया- बहनों के द्वारा राष्ट्रगीत का सामूहिक गान किया गया। इस कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव स्वप्निल श्रीवास्तव विद्यालय के समस्त दीदी आचार्य एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

### कुरुद शाला में गूंजा वंदे मातरम् और छात्रों ने लिया संकल्प

आरंग। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कुरुद (बाराडेरा) में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो उठा, जब नन्हे विद्यार्थियों ने एक स्वर में सामूहिक रूप से "वंदे मातरम्" का गायन कर वातावरण को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया।कार्यक्रम की शुरुवात



विद्यालय प्रमुख के निर्देशन में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण ओर दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालयीन बच्चों ने राष्ट्रीय गीत के साथ-साथ देशभक्ति नारे भी लगाए। भारत माता की जय और जय हिन्द के उद्घोष से पूरा विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। शिक्षकों ने बच्चों को "वंदे मातरम्" के ऐतिहासिक महत्व और इसके रचनाकार बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के योगदान की जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका कविता वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नही बल्कि हमारे राष्ट्र की आत्मा है।



### सीआरपीएफ कैंप में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन

**आरंग।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर संपूर्ण देश में प्रथम चरण में 7 से 14 नवंबर तक राष्ट्रीय गीत का सामूहिक रूप से गायन व अन्य देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जिसके तहत सीआरपीएफ कैंप भिलाई में 7 नवम्बर को सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर *उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ आरंग, रायपुर ने सभी अधिकारियों एवं जवानों के साथ वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया एवं अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् भारत का राष्ट्रीय गीत है, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यह गीत बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा संस्कृत और बंगाली मिश्रित भाषा में रचा गया था। यह गीत पहली बार 1882 में उनके प्रसिद्ध बंगाली उपन्यास /"आनंद मठ/" में एक अंतर्निहित गीत के रुप में प्रकाशित हुआ था। वंदे मातरम का अर्थ है– /"मैं तुम्हें नमन करता हूँ, माँ/"। यह गीत पहली बार 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रवींद्रनाथ टेगोर के द्वारा गाया गया था। 24 जनवरी 1950 को भारत की संविधान सभा ने इसे भारत के राष्ट्रीय गीत के रुप में अपनाया और इसे राष्ट्रगान 'जन गण मन' के बराबर का दर्जा दिया। इस गीत के पूर्ण संस्करण को गाने में लगभग 65 सेकंड से 1 मिनट 5 सेकंड तक समय लगता है। यह गीत भारतीय राष्ट्रवाद और देश के प्रति प्रेम और भक्ति का एक शक्तिशाली प्रतीक हैं। इस कार्यक्रम में कमांडेंट अजय कुमार सिंह, उपकमांडेंट अजय सिंह, प्रियरंजन गुप्ता, सहायक कमांडेंट जावेद हुसैन, प्रवीण मोरे, लोकनाथन डी, निरीक्षक बाबूलाल गुर्जर, उपनिरीक्षक बृंदावन दहायत, उपनिरीक्षक (महिला) बबीता दत्ता , वैशाली चौहान एवं अन्य जवानों इत्यादि की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन व संचालन में अहम् भूमिका उप कमांडेंट अजय सिंह की रही। अंत में सभी अधिकारियों व जवानों ने नई दिल्ली प्रसारित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा और उनका संदेश सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के अधिकारी, कर्मचारी व जवानों की उपस्थिति रही।

## परिचयात्मक कार्यक्रम में बीएड छात्रों ने अनुभव किया सांझा



**मंदिर हसौद।** सेंट्रल कॉलेज ऑफ एजुकेशन मंदिर हसौद रायपुर ने बी.एड. के विद्यार्थियों के लिए परिचयात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की संस्थापिका भावना चंद्राकर और डी.डब्ल्यू.पी.एस.के संस्थापक विनय चंद्राकर सर एवं अपर्णा चंद्राकर मैडम उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया और शिक्षा के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना और उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करना था। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के लिए आवश्यक शिक्षण कौशल, जैसे तार्किक और विश्लेषणात्मक तर्क और सामान्य ज्ञान, विकसित करने में मदद करना था। शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच एक परिचयात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सुविधाओं, पाठ्यक्रम और विभिन्न विभागों के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वैशाली गावरले ने शिक्षण-अधिगम वातावरण के महत्व और एक प्रभावी शिक्षक बनने के लिए आवश्यक कौशल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में छात्र और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## पुरखों पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ के पुरखो के अस्मिता पर लगातार हो रहे अपमान जनक बयानों और सोशल मीडिया वीडियो को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता और छत्तीसगढ़िया समाज में रोष व्याप्त है जिसे तिल्दा नेवरा थाना में संबंधित 3अलग अलग मामले के अपराधी को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देना के लिए आवेदन दिया गया।

जिसमें पहला मामला रायगढ़ के विजय राजपुत का है जिसने सोशल मीडिया के माध्यम से परम पूज्य गुरुघासी जी को अभद्र गाली गलौच किया गया था। दूसरा मामला दीपक लालवानी का है जो छत्तीसगढ़ महतारी को गंदी गंदी गाली देकर आम जनमानस के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का काम किया। तीसरा मामला जिमी अग्रवाल कोरबा का है ,जो जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल जी को गंदी गंदी गाली दे रहा । पार्टी के कार्यकर्ता का कहना है कि लगातार छत्तीसग़ढ के महापुरुष, और छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई जा रही है , लगातार पुरखो को दोयम दर्जा में रखा जाता है ,छत्तीसगढ़ शांत प्रदेश है , इसे धूमिल न करे।

जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एक मात्र संगठन है जो लगातार पुरखो के मान सम्मान के लिए तत्पर रहती है ,इस प्रकार की किसी भी बात आती है तो पहले संज्ञान में लेके कार्यवाही किया जाता है, अगर इन अपराधी को तत्काल कार्रवाई नहीं किया गया तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर बड़ी संख्या में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लंबित इंक्रीमेंट की मांग पर सहकारी बैंक कर्मचारियों की हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारियों ने अपनी एक सूत्रीय मांग पाँच वर्षों से लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि के चौथे चरण को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। रायपुर सहकारी बैंक कर्मचारियों द्वारा क्रमबद्ध हड़ताल का चौथा चरण प्रारंभ हो चुका है। वार्षिक वेतन वृद्धि पर हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्णय के बावजूद सहकारिता विभाग के उदासीन रवैये से क्षुब्ध होकर रायपुर बैंक अंतर्गत 6 जिलों की 73 शाखाओं के लगभग 700 कर्मचारियों ने 29 अक्टूबर से हड़ताल की घोषणा की है। 07 से 11 नवंबर तक सभी 73 शाखाओं में कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक शाखाओं के सामने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आंदोलन को किसानों और अमानतदारों का भी नैतिक समर्थन प्राप्त हुआ है, जिससे कर्मचारियों का उत्साह और बढ़ा है। कर्मचारी संघ अध्यक्ष मोहनलाल साहू, याचिकाकर्ता देवेंद्र पांडे, विधान तिवारी, युवराज दुबे, अविनाश शर्मा, मनोज दिवाकर सहित सभी सहकारी बैंक कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि कर्मचारियों को जो वार्षिक वेतन वृद्धि मिलनी है, उससे शासन के खजाने पर कोई अतिरिक्त भार नहीं पड़ेगा। यह राशि बैंक के अर्जित लाभ से दी जानी है, फिर भी कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में शासन-प्रशासन में हड़कंप मच सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य धान खरीदी का भुगतान बैंकों के माध्यम से होता है। ऐसे में यदि 73 शाखाओं के बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे, तो इससे शासन की छवि धूमिल हो सकती है और स्थिति गंभीर रूप ले सकती है। संघ ने बताया कि उन्हें विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों से भी समर्थन मिल रहा है, जिससे सरकार पर दबाव बढ़ता जा रहा है। किसान संगठनों ने भी बैंक कर्मचारियों के प्रति सहानुभूति और सहयोग जताया है। शाखा प्रबंधक नरेंद्र चंद्राकर, सहायक लेखापाल छबिराम साहू, मनोज कुमार टंडन, पर्यवेक्षक संदीप बंजारे, कनिष्ठ लिपिक रोशन साहू, गोपाल साहू, इमेश्वरी कोसले और रीना चंद्राकर ने कहा कि यदि पाँच वर्षों से लंबित वेतन वृद्धि नहीं दी गई, तो बैंक कर्मचारी परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो 12 नवंबर 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी, जिसमें जिला सहकारी बैंकों की सभी शाखाओं और एटीएम में पूर्ण तालाबंदी रहेगी।

## नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी, विवेचना जारी

**अभनपुर।** रायपुर के ग्रीन पैराडाइज वैली विशाल नगर निवासी अनिल कुमार श्रीवास द्वारा अभनपुर थाना में ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत के अनुसार, दिल्ली निवासी विजय कुमार चौरसिया ने स्वयं को एमएसएमईपीसीएल (भारतीय सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम प्रोत्साहन परिषद) का चेयरमेन बताकर नौकरी देने का झांसा देते हुए लाखों रुपये की ठगी की है। अनिल कुमार श्रीवास ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में उनकी मुलाकात विजय चौरसिया से रायपुर के जोरा क्षेत्र में हुई थी। मुलाकात के दौरान चौरसिया ने बताया कि वह एमएसएमईपीसीएल संस्था के चेयरमेन हैं और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए टीम का गठन कर रहे हैं। उन्होंने अनिल श्रीवास को राज्य का वाइस चेयरमेन और रौशन श्रीवास को चेयरमेन बनाने का प्रलोभन दिया। चौरसिया ने दोनों से क्रमशः 15 लाख और 20 लाख की मांग की। इस तरह दोनों से नगद 4 लाख रूपये तथा 31 लाख ऑनलाईन,नेटबैकिंग से प्राप्त किए। बदले में उन्होंने नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड जारी किया। बाद में जब दोनों पीड़ित एमएसएमईपीसीआई रायपुर कार्यालय पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड फर्जी हैं और संस्था से उसका कोई संबंध नहीं है।

अनिल श्रीवास के अनुसार, विजय चौरसिया ने न केवल वेतन का झूठा आश्वासन दिया बल्कि उनसे विभिन्न कार्यक्रमों में खर्च भी करवाया। जब उनसे पैसे वापस मांगे गए, तो चौरसिया ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना अभनपुर पुलिस ने धारा 420 भादवि (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### :: आम सूचना ::

**(विक्रय इकरारनामा के संबंध में)**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने, अशोक कुमार श्रीवास, उम्र 58 वर्ष, पिता श्री जयराम श्रीवास, निवासी- बी-1/65, ऊर्जा नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, जिला कोरबा (छ.ग.), द्वारा श्री विजय कुमार राजपूत, उम्र 39 वर्ष, पिता श्री पूरन सिंह राजपूत, निवासी- मकान क्रमांक X-17, गुलशन वाटिका फेस-2, सेजबहार, जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व की आवासीय भूमि खसरा नंबर 15001/10, रकबा 0.0120 हेक्टेयर (लगभग 1294 वर्गफुट), जिस पर लगभग 1100 वर्गफुट का मकान निर्मित है, का विक्रय इकरारनामा दिनांक 25.04.2025 को संपादित किया है।

अतः उक्त संपत्ति पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था या विभाग का कोई दावा, आपत्ति या अधिकार हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर अपने साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि उपरांत कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

**अशोक कुमार श्रीवास (क्रेता)**
**निवासी: बी–1/65, ऊर्जा नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, जिला कोरबा (छ.ग.)**
**मोबाइल: 94241 64769**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18**
**तहसील व जिला रायपुर**

### //आम सूचना//

जारी दिनांक 03/11/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं.-82 रा.नि.मं.-रायपुर -18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक मधुबाला तिवारी पति संतोष तिवारी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 389/15 रकबा 0.0250 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.....अ-12 वर्ष-2025 आदेश दिनांक 18/07/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 11/11/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**सो सूचना जानें।**

**राजस्व निरीक्षक**
**मण्डल-18 तहसील व**
**जिला रायपुर**

### आम सूचना

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार सुखदयाल डहरिया पिता श्री कोंदुलाल डहरिया, निवासी क्वार्टर नंबर 83, पुलिस लाईन, पुलिस हाउसिंग कालोनी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा श्री हीरालाल पिता स्व. जगदीशलाल निवासी ई-9, गुलशन वाटिका, हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास, सेजबहार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर के स्वामित्व की संपत्ति परिवर्तित भूमि रायपुर विकास प्राधिकरण योजना क्रमांक 04 के अंतर्गत वाके मौजा-ग्राम- डुण्डा, कौशल्या माता विहार, कमल विहार, प.ह.नं. 00072, रा.नि.मं. रायपुर-14, बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के अंतर्गत स्थित भूखण्ड क्रमांक- डी-102, सेक्टर 4, खसरा नंबर 118 एवं 121 का भाग, रकबा 888. 46 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर चुका है। शेष प्रतिफल की राशि विक्रय पत्र के निष्पादन के समय देय होगा।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो नीचे लिखे हुए पते पर 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद म्याद उपरोक्त वर्णित संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, बाद म्याद की गयी आपत्ति किसी भी प्रकार से मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 08/11/2025

**कमलेश पाण्डेय,**
**अधिवक्ता वास्ते**
**सुखदयाल डहरिया**
MOB. 9753313357

## मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला



**अभनपुर।** नेताजी सुभाष महाविद्यालय बेलभाठा में सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली के लिए मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका विषय पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती रोली तिवारी, सहायक प्राध्यापक, मनोविज्ञान अध्ययनशाला, रविवि रायपुर ने जीवन प्रबंधन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार साझा किए। उन्होंने तनाव, दबाव एवं निराशा जैसे मानसिक विकारों से निपटने के उपाय बताए और विद्यार्थियों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. व्ही. के. मिश्रा ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर योग, ध्यान और खेलकूद जैसी गतिविधियों में भाग लेने की अपील की।

## हाकी की शताब्दी वर्ष पर ग्रामसमोदा में हुआ सद्भावना मैच

**आरंग।** भारत में हॉकी को 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी के मार्गदर्शन में आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा संचालित समोदा हॉकी क्लब, आरंग में सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समोदा विद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष पुराणिक ध्रुवंशी एवं प्राचार्य आज्ञाराम ठाकुर ने किया। उन्होंने शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है। भारतीय हॉकी ने विश्व स्तर पर जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे हमारे देश की खेल विरासत को उजागर करती हैं। समोदा हॉकी



क्लब आरंग से 17 खिलाड़ी साक्षी साहू, एकता साहू, आलोक साहू, जय साहू, जीतेम साहू, देवांश यादव, अपर्णा साहू, प्रियंका पाल, वीणा साहू, जमुना साहू, सुप्रिया, गंगा साहू, रेमा साहू, वसुंधरा साहू, प्राची कोल, लच्छा साहू और पंकज साहू राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व कर आरंग विधानसभा के साथ-साथ प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। सद्भावना मैच में विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि 7 नवंबर 1925 को देश में पहली हॉकी प्रशासनिक संस्था का गठन हुआ था। इसके बाद 1928 में एम्स्टर्डम ओलंपिक में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। तब से अब तक भारतीय हॉकी टीम ने कुल आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं, जो किसी भी देश द्वारा हॉकी में जीते गए सर्वाधिक स्वर्ण पदक हैं।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# अब संविदा कर्मी को कभी भी नौकरी से नहीं निकाल सकते, 60 दिनों में देना होगा सुनवाई का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब संविदा पर सरकारी नौकरी करने वालों को केवल एक महीने का वेतन देकर कभी भी काम से नहीं निकाला जा सकेगा। इन कर्मियों को अगर सेवा से हटाना है, तो पहले वरिष्ठ अफसर के सामने अपील करने का अवसर देना होगा। पूरी सुनवाई के बाद ही आदेश जारी किया जा सकेगा।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की नियम शाखा ने राज्य के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर और सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के लिए आदेश जारी कर दिया है।

### इसलिए जारी हुआ ये आदेश

राज्य सरकार ने यह कदम दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट के एक फैसले के मद्देनजर उठाया है। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पिछले महीने जारी एक आदेश में दिए गए निर्देश के परिपालन में जारी करना पड़ा है। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि विभागीय सेटअप में संविदा के रूप में स्वीकृत पदों पर कार्यरत संविदा कर्मी (यथा मनरेगा अंतर्गत संविदा कर्मी) को यदि किसी दशा में सेवा से पृथक किया जाता है, तो संबंधित सेवामुक्त संविदा कर्मी, संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष के समक्ष 60 दिवस के भीतर अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है, जिस पर संबंधित विभागाध्यक्ष युक्तियुक्त सुनवाई के बाद उचित आदेश पारित कर, प्रकरण निराकृत कर सकेंगे।

### राज्य सरकार ने जारी किया निर्देश
### हाईकोर्ट ने दिया है ये आदेश




### 13 साल से लागू था ये नियम

राज्य में हाईकोर्ट का यह आदेश लागू होने से 13 साल पहले से यह नियम लागू था कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम 11(5) में संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। वर्तमान में संविदा पर नियुक्त कर्मियों को सेवा से पृथक किये जाने पर किसी प्रकार का अपील अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान नियमों में नहीं किया गया है।

### छत्तीसगढ़ संविदा अफसर कर्मियों की उर्वरा भूमि

जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है यह राज्य में सेवा निवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सबसे अधिक उर्वरा भूमि मानी जाती है। राज्य में प्रदेश स्तर के वरिष्ठतम अधिकारियों से लेकर सरकारी विभागों के लिपिकों व अन्य कर्मियों के लिए संविदा नियुक्ति पाने की सबसे बड़ी पनाहगाह है। यहां विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति वाले जमे हैं। दरअसल विभागों में नियमित रूप से सेवाकाल खत्म होने के बाद संबंधित अफसर कर्मियों को संविदा में सेवा पर रखे जाने की परंपरा बन गई है। यह इसलिए कि राज्य में रिक्त होने वाले पदों पर नियमित रूप से भर्ती नहीं की जा रही है, यह लंबे अरसे से हो रहा है। इसी प्रक्रिया का एक पक्ष ये भी है कि बड़े संविदा अधिकारियों को संविदा काल खत्म हो जाने के बाद भी फिर से काम पर रख लिया जाता है। इसका एक और पक्ष ये भी है संविदा पर रखे गए छोटे स्तर के कर्मियों को एक माह का वेतन देकर कभी भी नौकरी से बाहर कर दिया जाता है, लेकिन अब ऐसा करना आसान नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### सर्वर ठप, आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। सर्वर के उचित रूप से कार्य नहीं करने के कारण छात्रों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। शुक्रवार को एनएसयूआई ने कुलसचिव से मुलाकात कर परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने और वेबसाइट संबंधित समस्या का निराकरण करने की मांग की है। इस दौरान रजत ठाकुर, हर्ष शर्मा, अंश तिवारी, मोहित बंजारे, वेणु व अन्य उपस्थित रहे।

### रेल हादसे पर सरकार की उदासीनता चिंतनीय

**रायपुर।** रेल हादसे के बाद सरकार द्वारा उठाए गए कदम को आम आदमी पार्टी ने अपर्याप्त बताया है। पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा, बिलासपुर की 6 विधानसभा सीटों में कई विधायक एवं नेतागण गायब रहे। घटना के दिन स्थानीय विधायक राहत एवं बचाव कार्यों में न तो अस्पताल पहुंचे और न सहयोग किया। भानुप्रकाश चंद्रा ने कहा, नेताओं का समय पर मदद के लिए उपस्थित नहीं रहना जनता के साथ विश्वासघात के समान है। पार्टी ने सरकार से जवाबदेही तय करने और पीड़ितों को उचित सहायता पहुंचाने की मांग की है।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 तक

**रायपुर।** केंद्रीय छात्रवृत्ति के अंतर्गत नवीनीकरण व नवीन आवेदन के लिए अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। पूर्व में 30 अक्टूबर तक इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। अब छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से 15 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि में वृद्धि के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने छात्रों से महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने कहा है।

### आरटीआई कार्यशाला 10 को

**रायपुर।** जनजातीय गौरव दिवस के लिए 10 नवंबर को आरटीआई (सूचना का अधिकार) से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य जनजातीय लोगों के कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देना होगा। यह कार्यशाला 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का हिस्सा है, जो कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

## राजधानी के इंडोर स्टेडियम में भाजपा का वंदेमातरम सामूहिक गान का आयोजन

# सीएम साय बोले-वंदेमातरम हमारी आजादी की लड़ाई में मूलमंत्र रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बात पर बल दिया है कि हमें अपना इतिहास कभी नहीं भूलना चाहिए। वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के इस आयोजन के माध्यम से हम सब लोग आने वाली पीढ़ी को वंदेमातरम राष्ट्रगीत की महत्ता समझा पाएंगे, इसलिए यह आयोजन बहुत सार्थक सिद्ध हो रहा है। वंदेमातरम हमारी आजादी की लड़ाई में मूलमंत्र रहा है।

श्री साय ने शुक्रवार को इन्डोर स्टेडियम में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित वंदेमातरम संस्मरणोत्सव कार्यक्रम में कहा, वंदेमातरम गायन से सबके हृदय में राष्ट्रभक्ति का भाव संचरित होता है। हमारे महापुरुषों ने वंदेमातरम का जयघोष करते हुए आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दे दी, फांसी के फन्दे को चूम लिया। तो यह शक्ति और भक्ति इस वंदेमातरम के गायन में है। श्री साय ने कहा, 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम की रचना की थी। यह मूलतः 1875 से पहले इस देश में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध आदि शंकराचार्य के




आह्वान पर संन्यासियों द्वारा किए गए विद्रोह पर केंद्रित उपन्यास आनन्द मठ में वंदेमातरम गीत की रचना की। आदि शंकराचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र, दोनों की शिक्षा दी, जिसका इस गीत में समावेश है। श्री साय ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज छत्तीसगढ़ के पांच संभाग मुख्यालयों समेत पूरे देश में 150 स्थानों पर वंदेमातरम का सामूहिक रूप से सस्वर गायन हुआ है। यह समारोह आगामी एक वर्ष तक चलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, देश जब गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, तब बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदेमातरम की कल्पना कर इसकी रचना की। बंकिम जी ने तत्कालीन परिस्थितियों में वंदेमातरम की रचना करके देश के सभी लोगों, समाजों को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। इस गीत से सबके मन में भारत माता के गौरव की दृष्टि से भाव जागृत हो, देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में हम सब अपनी भूमिका निभाएं, यह आह्वान चट्टोपाध्याय जी ने किया। कार्यक्रम के अंत में फिल्म विकास निगम अध्यक्ष मोना सेन और उनकी टीम ने वंदेमातरम गीत का सुमधुर सस्वर गायन किया। इसके बाद हाथ में तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज लेकर उपस्थित जनों ने देशभक्ति गीत का गायन किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, श्रीचंद सुंदरानी, सच्चिदानंद उपासने, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, अमित मैशेरी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, तुषार चोपड़ा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व वंदेमातरम कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी नंदन जैन ने आभार व्यक्त किया।

## प्रतिभाओं का चयन

# प्रदेश में भी कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज टैलेंट हंट कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

श्री बैज ने कहा, इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी देश के युवाओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं, उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं से आवेदन करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। आज से पंद्रह दिनों तक ऑनलाइन आवेदन कर कोई भी युवा इस अवसर का लाभ ले सकता है। प्रदेश कांग्रेस विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया, इस कार्यक्रम का लिंक और स्कैनर भी जारी किया गया, जिसके माध्यम से आवेदन डाउनलोड कर कोई भी आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इस कार्यक्रम में आवेदन 21 नवंबर तक किया जा सकता है। उसके बाद आए हुए आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थी दूसरे चरण में जाएंगे, जहां ऑनलाइन इंटरव्यू लिया जाएगा। दूसरे चरण से चयनित अभ्यर्थी, तीसरे चरण में जाएंगे, जहां पर उनका सीधा साक्षात्कार होगा तथा पेनल डिस्कशन होगा। उसके बाद जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्तियां की जाएंगी।

# सिंचाई परियोजनाओं का समय पर पूरा होना सबसे ज्यादा जरूरी : सीएम साय

**मुख्यमंत्री ने ली जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से हों तथा निर्माण कार्यों की गति में तेजी लाई जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जल संसाधन परियोजनाएं प्रदेश के सर्वांगीण विकास की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सिंचाई परियोजनाओं का निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों में गति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने मुख्यमंत्री को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदेश की निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ब्राजीलियन मॉडल की फोटो लेकर सड़क पर उतरी यूथ कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस के वोट चोरी अभियान के अंतर्गत यूथ कांग्रेस ने राजधानी में शुक्रवार को बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदेश चुनाव आयोग कार्यालय घेरने निकली यूथ कांग्रेस को पुलिस ने मोतीबाग के पास ही रोक लिया। यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि छग में भी भाजपा और इलेक्शन कमीशन की मिलीभगत से वोट चोरी हो रही है। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मोतीबाग से प्रदेश निर्वाचन आयोग कार्यालय की ओर मार्च निकले। कार्यकर्ताओं ने "भाजपा होश में आओ", "लोकतंत्र बचाओ", "वोट चोरी बंद करो" जैसे नारे लगाते हुए जब आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने मोतीबाग के सामने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई। कई कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर भी विरोध दर्ज करते रहे।

### ब्राजीलियन मॉडल को कहा- थैंक्यू दीदी

यूथ कांग्रेस ने इस दौरान कहा, राहुल गांधी ने कई चौंकाने वाले तथ्य और सबूत प्रस्तुत किए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां की जा रही हैं। हरियाणा में एक ही मकान पर सैकड़ों मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए, जबकि एक ब्राजील की मॉडल, जो कभी भारत आई ही नहीं, के नाम से हरियाणा के अलग-अलग मतदान केंद्रों पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज हैं। ये तथ्य इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर लोकतंत्र को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रही है। यूथ कांग्रेस ब्राजीलियन मॉडल के पोस्टर लेकर सड़क पर उतरी और चुनाव में वोट डालने के लिए उक्त ब्राजीलियन मॉडल को धन्यवाद भी कहा। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव गुलजेब अहमद, आस मोहम्मद, विराज चंद्राकर, विनोद कश्यप, सजल चंद्राकर, तुषार गुहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगरीय निकायों में सभी सुविधाएं होंगी ऑनलाइन, यूपीआई से कर सकेंगे भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में ई-गवर्नेंस परियोजना के तहत शहरी प्रशासन को अधिक दक्ष, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने का बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण प्रदेश के सभी 192 नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध कराएगा। यह पहल एक राज्य एक प्लेटफॉर्म और डिजिटल छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय प्रशासन विभाग की इस नई पहल के बारे में कहा, ई-गवर्नेंस परियोजना सुशासन के नए युग की शुरुआत होगी। इससे नागरिकों को सभी शहरी सेवाएं घर बैठे, समय पर और पारदर्शी रूप से मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा शासन को लोगों के और पास लाएगी और अब शासन जनता के द्वार पर की सोच धरातल पर दिखेगी।



एक राज्य-एक प्लेटफार्म और डिजिटल छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : अरुण साव

### एक पोर्टल पर नगरीय निकायों की कई सुविधाएं

परियोजना के तहत एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया जाएगा, जिसमें नागरिक सेवा पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन, भवन अनुमति प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, शिकायत निवारण मॉड्यूल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली तथा निर्णय सहायता डैशबोर्ड जैसी प्रमुख सेवाएं शामिल होंगी। ये सभी मॉड्यूल क्लाउड आधारित डेटा सेंटर से संचालित होंगे, जिससे सभी नगरों का डेटा सुरक्षित, एकीकृत और रियल-टाइम में उपलब्ध रहेगा।

### सभी कर ऑनलाइन जमा होंगे

ई-गवर्नेंस प्रणाली से लोग अपने मोबाइल या कम्प्यूटर से प्रत्येक सेवा का लाभ ले सकेंगे। संपत्ति कर, जल कर, व्यापार कर और ठोस अपशिष्ट शुल्क जैसी सभी देनदारियां ऑनलाइन जमा की जा सकेंगी। नागरिकों को बैंक, यूपीआई, वॉलेट या नेट-बैंकिंग जैसे माध्यमों से त्वरित भुगतान की सुविधा मिलेगी, जिससे राज्य के राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, यह परियोजना आम लोगों को केंद्र में रखकर बनाई गई है और बेहतर प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने बताया, ई-गवर्नेंस प्रणाली शुरू होने से पूरे राज्य के नगरीय निकायों का कामकाज एक जैसा और पारदर्शी होगा। फैसले अब तथ्यों और तकनीक के आधार पर लिए जाएंगे, जिससे लोगों को तेज और भरोसेमंद सेवाएं मिलेंगी। श्री साव ने कहा, यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के विजन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन सरकार की मुहर है।

:: आम सूचना ::
(विक्रय इकरारनामा के संबंध में)

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने, अशोक कुमार श्रीवास, उम्र 58 वर्ष, पिता श्री जयराम श्रीवास, निवासी- बी-1/65, ऊर्जा नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, जिला कोरबा (छ.ग.), द्वारा श्री विजय कुमार राजपूत, उम्र 39 वर्ष, पिता श्री पूरन सिंह राजपूत, निवासी- मकान क्रमांक X-17, गुलशन वाटिका फेस-2, सेजबहार, जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके स्वामित्व की आवासीय भूमि खसरा नंबर 15001/10, रकबा 0.0120 हेक्टेयर (लगभग 1294 वर्गफुट), जिस पर लगभग 1100 वर्गफुट का मकान निर्मित है, का विक्रय इकरारनामा दिनांक 25.04.2025 को संपादित किया है।

अतः उक्त संपत्ति पर यदि किसी व्यक्ति, संस्था या विभाग का कोई दावा, आपत्ति या अधिकार हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर अपने साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि उपरांत कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

अशोक कुमार श्रीवास (क्रेता)
निवासीः बी-1/65, ऊर्जा नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, जिला कोरबा (छ.ग.)
मोबाइलः 94241 64769

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-18
तहसील व जिला रायपुर
//आम सूचना//

जारी दिनांक 03/11/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं.-82 रा.नि.मं.-रायपुर -18 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक मधुबाला तिवारी पति संतोष तिवारी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 389/15 रकबा 0.0250 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.....अ-12 वर्ष-2025 आदेश दिनांक 18/07/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांक 11/11/2025 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
मण्डल-18 तहसील व
जिला रायपुर

आम सूचना

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार सुखदयाल डहरिया पिता श्री कोंदुलाल डहरिया, निवासी क्वार्टर नंबर 83, पुलिस लाईन, पुलिस हाउसिंग कालोनी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा श्री हीरालाल पिता स्व. जगदीशलाल निवासी ई-9, गुलशन वाटिका, हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास, सेजबहार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर के स्वामित्व की संपत्ति परिवर्तित भूमि रायपुर विकास प्राधिकरण योजना क्रमांक 04 के अंतर्गत वाके मौजा-ग्राम- डुण्डा, कौशल्या माता विहार, कमल विहार, प.ह.नं. 00072, रा.नि.मं. रायपुर-14, बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के अंतर्गत स्थित भूखण्ड क्रमांक- डी-102, सेक्टर 4, खसरा नंबर 118 एवं 121 का भाग, रकबा 888. 46 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा कर चुका है। शेष प्रतिफल की राशि विक्रय पत्र के निष्पादन के समय देय होगा।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, बोर्ड, बैंक इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो नीचे लिखे हुए पते पर 7 दिनों के भीतर मय दस्तावेज आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद म्याद उपरोक्त वर्णित संपत्ति का बैनामा पंजीयन मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में करवा लिया जावेगा, बाद म्याद की गयी आपत्ति किसी भी प्रकार से मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 08/11/2025

कमलेश पाण्डेय,
अधिवक्ता वास्ते
सुखदयाल डहरिया
MOB. 9753313357

### युवाओं के लिए प्लेसमेंट कैंप 10 नवंबर को

**रायपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय परिसर में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस प्लेसमेंट कैम्प में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज प्रा. लि., रायपुर द्वारा कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव के 150 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसके लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास अथवा स्नातक उत्तीर्ण, आयु 18 वर्ष से अधिक तथा वेतनमान 12 हजार 500 रुपए से 14 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार जी.के. ऑटो व्हीकल्स प्रा. लि., रायपुर में सेल्स कंसल्टेंट के 30 पदों हेतु भर्ती की जाएगी, जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास अथवा स्नातक उत्तीर्ण, आयु 20 वर्ष से अधिक तथा वेतनमान 12 हजार से 15 हजार रुपए प्रतिमाह रहेगा।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का दीपावली मिलन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 8 नवंबर को आयोजित दीपावली मिलन एवं पदाधिकारी सम्मेलन में प्रदेशभर के कर्मचारी एवं अधिकारी संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस आयोजन को लेकर पूरे प्रदेश के कर्मचारियों और अधिकारियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। इसी कार्यक्रम में आंदोलन की रणनीति पर भी विचार होगा। फेडरेशन के अनुसार संगठन द्वारा घोषित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की जमीन तैयार हो चुकी है । फेडरेशन के आह्वान पर 22 अगस्त को काम बंद, कलम बंद आंदोलन को प्रदेशभर में व्यापक समर्थन मिला है। फेडरेशन का कहना है कि पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के साथ विस्तार से चर्चा होने के बाद भी सरकार कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। सम्मेलन के दौरान फेडरेशन की 11 सूत्रीय मांगों पर विस्तृत चर्चा कर ठोस रणनीति तय की जाएगी। यह आयोजन न केवल दीपावली के उपलक्ष्य में आपसी एकजुटता का प्रतीक होगा, बल्कि कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की दिशा में निर्णायक कदम भी साबित होगा।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हेल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

14 शालीमार 13 नवंबर से 9 दिन रहेगी रद्द, 18 को...

14 आंबेडकर अस्पताल में डस्टबिन के पास...


# सुबह से लेकर रात तक प्रभावित रही दिल्ली की उड़ान, एक फ्लाइट रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए आवाजाही करने वाली फ्लाइट का संचालन सुबह से लेकर रात तक प्रभावित रहा। लेटलतीफी के बीच दिल्ली-रायपुर की अंतिम फ्लाइट को रद्द भी कर दिया गया। शुक्रवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में प्रभावित हो गया। विमानों की लेटलतीफी की वजह से दोनों शहरों के बीच यात्रा करने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एटीसी सिस्टम का काम विमानों की आवाजाही को नियंत्रित करना होता है। इन सिस्टम के माध्यम से ही विमान किसी एयरपोर्ट पर लैंड होते है अथवा टेकऑफ करते हैं। शुक्रवार को तड़के इंटरनेशनल एयरपोर्ट दिल्ली के इस सिस्टम में समस्या आ गई। इससे वहां से देश-विदेश के लिए संचालित होने वाली 100 से ज्यादा फ्लाइट प्रभावित हो गई। इसका असर दिल्ली-रायपुर-दिल्ली की फ्लाइट पर भी हुआ। दिल्ली-रायपुर के बीच सुबह से लेकर देर रात तक नियमित रूप से सर्वाधिक आठ फ्लाइट का संचालन किया जाता है। इसमें एक-दो फ्लाइट को छोड़कर बाकी की आवाजाही काफी विलंब से हुई। इन विमान के यात्रियों को विमानन कंपनियों द्वारा डिजी एप एवं एसएमएस के माध्यम से विमान की सही स्थिति की जानकारी भेजी गई। इसके बाद भी यात्रियों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली से रायपुर आने वाली रात 9.20 बजे की इंडिगो फ्लाइट की उड़ान स्थगित रही।

अलग खबर

## दिल्ली एयरपोर्ट के एटीसी में तकनीकी खराबी



### भुवनेश्वर फ्लाइट दो घंटे विलंब से

भुवनेश्वर से रायपुर के बीच संचालित हुई इंडिगो की फ्लाइट भी शुक्रवार को दो घंटे देर से पहुंची। यह विमान दोपहर 1.55 के बजाए 4.54 को लैंड हुआ। लखनऊ वाली फ्लाइट दोपहर 10.40 बजे 1.54 को पहुंची। मुंबई से आने वाली शाम 5 बजे की फ्लाइट 6.26 बजे रायपुर में लैंड हुई। आगमन विलंब से होने की वजह से इनकी रवानगी भी देर से हुई।

### इस तरह प्रभावित हुई दिल्ली फ्लाइट

1. एयर इंडिया की सुबह 8.25 बजे आने वाली फ्लाइट 10.40 बजे पहुंची और वापसी 9 के बजाए सुबह 11.16 को हुई।
2. इंडिगो का 8.45 बजे वाला विमान दोपहर 1.00 बजे रायपुर पहुंचा, सुबह 9.15 के बजाए 1.37 को वापस रवाना हुआ।
3. इंडिगो की 12.15 वाली फ्लाइट दोपहर 3.35 बजे रायपुर आई, दोपहर 12.45 बजे के बदले यह 4.00 बजे लौटी।
4. इंडिगो की फ्लाइट 1.45 वाली 4.28 बजे विमानतल पहुंची, दोपहर 2.15 वाली शाम 4.58 बजे वापसी के लिए उड़ी।
5. इंडिगो की शाम 5.25 बजे आने वाली फ्लाइट 9.25 बजे पहुंची, 5.55 बजे टेकऑफ होने के बजाए 9.45 को रवाना हुई।
6. इस बीच संचालित होने वाली एयर इंडिया की दो फ्लाइट पर इसका कोई असर नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप

### चाकू की नोक पर पैसे कराए ट्रांसफर आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने चाकू की नोक पर युवक के यूपीआईडी से क्यूआर कोड स्कैन कराकर जबरन रुपए ट्रांसफर कराने तथा चांदी का कड़ा लूटने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अतीत झा की शिकायत पर पुलिस ने विशाल सोनी उर्फ कुबेर तथा कृष्णा नागवानी को गिरफ्तार किया है। अतीत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि बुधवार को वह मरीन ड्राइव गया था। दोनों बदमाशों ने उसे चाकू की नोक पर धमकाते हुए पैसे ट्रांसफर कराने के साथ लूट की थी।

### छात्र से बाइक सवारों ने लूटी सोने की चेन



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के सामने बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एक स्कूली छात्र ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। 12वीं कक्षा में पढ़ने वाला अमलीडीह निवासी निधीश राव ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। निधीश ने पुलिस को बताया कि वह 27 अक्टूबर को अपने दोस्त के साथ राम मंदिर के पास खड़ा था। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश उसके पास पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान एक बदमाश निधीश के गले में पहनी सोने की चेन छीन लिया। विरोध करने पर बदमाश ने निधीश के गले पर चाकू टिकाकर मारने की धमकी दी। घर के लोगों ने निधीश के गले से सोने की चेन गायब दिखने पर पूछा, तब परिजनों को घटना की जानकारी मिली।

### घर से 89 पौवा शराब जब्त, पकड़ा गया कोचिया



**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शराब कोचिया के घर में दबिश देकर 89 सौ रुपए कीमत की 89 पौवा देशी शराब शोले जब्त की है। पुलिस ने आरटीओ ऑफिस के पास बंजारी नगर डेरापारा में प्रदीप तिवारी के घर में दबिश देकर शराब जब्त की है। प्रदीप ट्रांसपोर्ट नगर तथा आसपास के अंडा ठेला सहित अन्य जगहों पर शराब की अवैध बिक्री करता था।

### गाड़ी ओवरटेक के विवाद पर डॉक्टर के साथ मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक डॉक्टर ने एक युवक तथा उसके एक अन्य साथी के खिलाफ गाड़ी चलाने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. सौरभ बर्मन ने मुकेश यादव तथा उसके साथी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. सौरभ ने पुलिस को बताया कि वह अपनी एक्टिवा में सरोरा से डीडीनगर गोल चौक जा रहा था। एक कार को वह ओवरटेक कर निकला। कार चालक सौरभ का पीछा करते हुए एक पेट्रोल पंप के पास उसे ओवरटेक कर रोक लिए। कार सवार मुकेश तथा उसके साथी ने डॉ. सौरभ पर गाड़ी ठीक से नहीं चलाने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।



## विधानसभा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की ठोकर लगने से बाइक चालक की मौत

# थम नहीं रहा रोड एक्सीडेंट, दो दिन में पांच की मौत, गुस्साए लोगों ने वाहनों को रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार तड़के सड़क दुर्घटना में गाय का दूध दुहकर आ रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। रोड एक्सीडेंट की घटना मांढर टेकारी मार्ग पर हुई है। तेज रफ्तार कार ने बाइक को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से बाइक चालक उछलकर दूर फेंका गया। सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोषित लोगों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।

पुलिस के अनुसार टेकारी निवासी कुश साहू घटना दिनांक को गाय का दूध दुहने एक होटल में गया था। घर लौटने के दौरान रिंग रोड तीन टेकारी चौक के पास धनेली मार्ग से तेज रफ्तार कार सीजी 04 पीआर 3203 का चालक कार को नियंत्रित नहीं कर पाया। कार नियंत्रण से बाहर होने की वजह से कार चालक ने कुश की बाइक को ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से कुश बाइक से उछलकर कई फीट दूर जाकर गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हरिभूमि सरोकार





### लोगों ने किया चक्का जाम

एक्सीडेंट की घटना के बाद कार चालक ने कार छोड़ कर भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने उसे घेरकर पकड़ लिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया। आए दिन होने वाले एक्सीडेंट से गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश तथा व्यवस्था सुधारने का आश्वासन देकर प्रदर्शन खत्म कराया।

### सड़क हादसे में दो दिन में 5 मौत

राजधानी में सड़क हादसा में पिछले दो दिनों में पांच लोगों की मौत हो गई। शहर के हृदय स्थल घड़ी चौक पर अनियंत्रित कार लक्ष्मी मेडिकल के साथ कई दुकानों से टकरा गई। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल कार चालक सिमगा निवासी युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। अन्य घटना में टिकरापारा तथा आरंग थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई। अब फिर एक की मौत हो गई।

*जिन चार थाना क्षेत्रों में 48 घंटे में पांच लोगों की मौतें हुई है, एक्सीडेंट का घटनाक्रम इस प्रकार से है, रोड एक्सीडेंट में ज्यादातर मौतें बुधवार-गुरुवार दरमियानी देर रात हुई है।*

#### मौदहापारा थाना

*बुधवार देर रात 1.30 बजे जयस्तंभ से घड़ी चौक आ रही तेज रफ्तार कार लक्ष्मी मेडिकल का शटर तोड़ते हुए कई अन्य दुकानों से टकराई। कार में पांच लोग सवार थे। सभी सिमगा से बर्थडे पार्टी मनाने आए थे। एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल पुष्पेंद्र साहू की उपचार के दौरान मौत हो गई।*

#### टिकरापारा थाना

*बुधवार देर रात 2 बजे मुंगली, लोरमी निवासी शिव सागर दिवाकर अपने दोस्त महासमुंद निवासी राजा पटेल के साथ कैटरिंग का काम निपटाने के बाद अमलीडीह जा रहा था। कैनाल रोड के पास तेज रफ्तार मिनी डोर के चालक ने उनकी बाइक को सामने से ठोकर मार दी। गंभीर चोट लगने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।*

#### आरंग थाना

*बुधवार देर रात 2 से 2.30 बजे के बीच आरंग निवासी यश चंद्राकर राज्योत्सव से लौट रहा था। तेज रफ्तार बाइक चलाने की वजह से यश बाइक की स्पीड कंट्रोल नहीं कर पाया। रसनी टोल प्लाजा के पास बाइक एक खंभे से टकरा गई। बाइक के सीधा खंभा से टकराने की वजह से यश के सिर पर गंभीर चोटें आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।*

## पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने तैयारी, मुख्यालय ने नाइन एमएम पिस्टल के लिए जारी किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य की राजधानी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने की कवायद मुख्यालय स्तर पर तेज हो गई है। नए पुलिस अफसरों को हथियारों से लैस करने के उद्देश्य से मुख्यालय स्तर पर पिस्टल खरीदने टेंडर जारी किया गया है। पिस्टल खरीदने 29 अक्टूबर को टेंडर जारी किया गया है। टेंडर जमा करने की मियाद 10 नवंबर है। 11 को टेंडर खोला जाएगा। कितने लोगों ने अब तक टेंडर जमा किया है, पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में अब तक किसी तरह की अधिकृत जानकारी साझा नहीं की है।

पुलिस मुख्यालय ने 125 सेमी ऑटोमैटिक 9 एमएम पिस्टल खरीदने टेंडर जारी किया है। पिस्टल हरियाणा, हिसार स्थित जेएसपीडीएल से खरीदी करनी है। बीड राशि के अनुसार पिस्टल खरीदने टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर जमा करने वालों के लिए छत्तीसगढ़ जीएसटी से पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिनके पास छत्तीसगढ़ जीएसटी का पंजीयन होगा, वही टेंडर प्रक्रिया में शामिल हो सकता है।




### अन्य क्षेत्र की पुलिस को भी आवंटित की जाएगी

नई पिस्टल खरीदी होने के बाद पिस्टल को रायपुर के साथ अन्य क्षेत्र के पुलिस अफसरों के साथ टीआई को दिया जाएगा। कई पिस्टल काफी पुरानी हो गई हैं। इसीलिए उन पिस्टल को पुलिस अफसरों से जमा कराने के बाद नई पिस्टल दी जाएंगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पता चल पाएगा कि नई पिस्टल की खरीदी कब तक पूरी होगी।

### सेटअप बदल जाएगा

रायपुर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस की सेटअप व्यवस्था बदल जाएगी। आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद 60 से अधिक पुलिस अफसरों की तैनाती की जाएगी। इनमें एसीपी से लेकर डीसीपी तक के अफसर शामिल होंगे। टीआई का पद नाम बदलकर स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) हो जाएगा। आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद एसएचओ के पद में वृद्धि होगी।

### आसानी से कई राउंड फायरिंग

नाइन एमएम ऑटोमैटिक पिस्टल की खासियत यह है कि इसमें मैगजीन लॉक करने के बाद कई राउंड आसानी से फायरिंग की जा सकती है। इसके अलावा इस पिस्टल की मैगजीन की उपलब्धता आसानी से होती है। देश के अलग-अलग राज्यों की पुलिस की पहली पसंद नाइन एमएम सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल है।

## दशहरा की छुट्टी में पंप उखाड़कर ले गए चोर, दुखी प्रधान पाठक ने लिखा- मध्यान्ह भोजन बनाने पानी नहीं





- मामला शासकीय विद्यालय डूंडा का, छुट्टियों के बाद स्कूल पहुंचे शिक्षक तो रह गए हैरान
- खुले बोर को कपड़े से ढका, घरों से पानी लेकर आ रहे हैं विद्यार्थी और शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

भागते भूत की लंगोटी भली...राजधानी के एक स्कूल में चोरी करने घुसे चोरों को जब कुछ भी नहीं मिला तो वे स्कूल से बोर का पंप ही चोरी करके चले गए। मामला शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डूंडा का है। शासकीय विद्यालयों में एक सप्ताह तक दशहरा अवकाश था। इस अवधि में कोई चोर शाला मैदान में लगा पंप ही उखाड़कर ले गया। जब स्कूल खुला और प्रधान पाठक व शिक्षक स्कूल पहुंचे तो उन्हें चोरी का पता चला। इस तरह की चोरी देखकर वे भी हैरान रह गए। शाला प्रबंधन ने थाना में इस चोरी की सूचना दर्ज कराई। शाला प्रबंधन को उम्मीद थी कि चोर पकड़ा जाएगा और उन्हें जल्द ही पंप वापस मिल जाएगी, लेकिन ऐसा हो नहीं सका।

इसके बाद शाला प्रबंधन ने जोन क्रमांक 10 के कमिश्नर को ▶▶|शेष पेज 14 पर

### करेंगे समाधान

शाला प्रबंधन से बात कर समस्या का समाधान तत्काल करेंगे। चोरी हुई है, एफआईआर अनिवार्य है।

- **हिमांशु भारतीय,** जिला शिक्षा अधिकारी, रायपुर

### घरों से पानी लेकर आ रहे छात्र

शाला परिसर में ही बोर की सुविधा होने के कारण कई छात्र अपने साथ पानी की बोतल लेकर नहीं आते थे। आवश्यकता होने पर तुरंत ही पंप की मदद से पानी निकाल लेते थे। अब ऐसी स्थिति नहीं है। मध्यान्ह भोजन के लिए ही जैसे-तैसे पानी का बंदोबस्त किया जा रहा है। ऐसे में विद्यार्थी पीने के लिए अपने-अपने घरों से पानी लेकर आ रहे हैं। ना केवल बच्चे बल्कि शिक्षक और गैर शैक्षणिक स्टाफ भी अपने साथ पानी लेकर आ रहा है। स्कूल में हुई यह चोरी छोटे बच्चों में भी चर्चा का विषय बनी हुई है। वे शिक्षकों से भी इस बारे में निरंतर सवाल पूछ रहे हैं।

## योग आयोग करेगा 108 प्रशिक्षकों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अस्थायी रूप से की जाएगी योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति, 15 नवंबर तक आवेदन

छत्तीसगढ़ योग आयोग ने राज्य में योग गतिविधियों को विस्तार देने के लिए विभिन्न पदों पर अस्थायी प्रशिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग ने इस संबंध में आधिकारिक सूचना जारी करते हुए बताया कि प्रशिक्षित योग विशेषज्ञ और योग प्रशिक्षक आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार, मुख्य रूप से तीन योग विशेषज्ञों सहित जिला बीजापुर के छात्रावास एवं आश्रमों के लिए 108 योग प्रशिक्षकों के पदों पर दैनिक मानदेय के आधार पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक अपने आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति के साथ आवेदन पत्र जमा करेंगे। आवेदन पत्र रायपुर स्थित योग आयोग कार्यालय (योग भवन, मकान क्रमांक 184, गृह निर्माण मंडल आवासीय कॉलोनी, धरमपुर, रायपुर) में जमा किए जा सकेंगे।

### पहली बार इतनी बड़ी संख्या में भर्ती

आवेदन स्वीकार करने की तिथि 5 नवंबर से 15 नवंबर तक निर्धारित की गई है। प्रतिदिन सायं 5:30 बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। योग आयोग के अनुसार, यह पहली बार है जब प्रदेश में योग को बढ़ावा देने के लिए इतने बड़े स्तर पर एक साथ योग प्रशिक्षकों एवं अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है। आयोग को उम्मीद है कि इससे प्रदेश में योग के प्रचार को नई दिशा मिलेगी। पात्रता, वेतन सहित अन्य सभी जानकारी योग आयोग से प्राप्त की जा सकती है।

## हादसे के बाद बढ़ी सतर्कता, 3 दिन में 70 प्रतिशत यात्रियों ने ई-टिकट में चुना बीमा का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- लोकल ट्रेन में यात्रियों को नहीं मिलती इंश्योरेंस की सुविधा, आरक्षित ट्रेनों में ही मिलती है बीमा की वैकल्पिक सुविधा

मेमू लोकल ट्रेन और मालगाड़ी के बीच हुए हादसे में 12 यात्री जान गंवा चुके हैं। यात्रियों के परिजनों को 10 लाख राशि प्रदान की जाएगी। इस हादसे के बाद एक बार फिर से रेलवे बीमा की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। हरिभूमि ने रेल हादसे के बाद रेलवे बीमा की पड़ताल की, तो पता चला कि शहर के 6 बड़ी ट्रैवल एजेंसी से हर दिन 5 हजार से अधिक रेल टिकट की बुकिंग होती है, लेकिन इनमें 5 से 10 फीसदी लोग ही बीमा का चयन करते हैं। ज्यादातर यात्रियों को इस बीमा की जानकारी नहीं होती है, तो वहीं कुछ लोग 45 पैसे बचाने बीमा नहीं करवाते थे, लेकिन हादसे के बाद अब यात्री भी जागरूक हो चुके हैं। छोटी यात्रा में भी ई-टिकट करवाने वाला हर दूसरा व्यक्ति बीमा का विकल्प चुन रहा है। तीन दिनों में ही 70 फीसदी से अधिक यात्रियों को ▶▶|शेष पेज 14 पर



### ई-टिकट में ही बीमा की सुविधा

यात्रियों को बीमा कराने की सुविधा केवल ई-टिकट में ही मिलती है। ऐसे में जो यात्री आरक्षण केंद्र से या फिर काउंटर से टिकट खरीदता है, ऐसे यात्रियों को बीमा का लाभ नहीं मिलता। यह सुविधा ई-टिकट में ही मिलती है। ऐसे में अब ज्यादातर यात्री ई-टिकट को पहले प्राथमिकता दे रहे हैं।

### नहीं होता लोकल ट्रेन के टिकट में इंश्योरेंस

*सिर्फ ऑनलाइन आरक्षित ट्रेनों में ही इंश्योरेंस की सुविधा मिलती है और वह भी वैकल्पिक सुविधा होती है। वहीं अगर लोकल ट्रेनों की बात की जाए, तो उन में यह सुविधा नहीं मिलती। हादसे में घायल और मृत यात्रियों को रेलवे और भारत सरकार की ओर से मुआवजा जरूर दिया जाता है। बता दें कि एक्सप्रेस में ई-टिकट के दौरान यात्री किसी हादसे का शिकार हो जाते हैं, तो नॉमिनी को ट्रैवल इंश्योरेंस के तहत मिलने वाले पैसे को ट्रेन एक्सीडेंट के 4 महीने के अंदर क्लेम करना होता है। ध्यान देने वाली बात है कि इंश्योरेंस खरीदते समय नॉमिनी का नाम भरना जरूरी होता है।*

### लोग समझते हैं फिजूल खर्च

हादसे से पहले रेल का ई-टिकट खरीदते समय बीमा की सुविधा को लोग फिजूल खर्च समझते थे, लेकिन अब ट्रैवल एजेंसी द्वारा यात्रियों को बीमा की जानकारी दी जा रही है। कोई भी 45 पैसे का बीमा करवाने से पीछे नहीं हट रहा। ट्रैवल सर्विस ने बताया कि रेल यात्री के अलावा फ्लाइट के सफर में भी लोग अपना बीमा नहीं कराते। लोगों को बीमा की जानकारी देते हैं कि बीमा के लिए आपको अतिरिक्त चार्ज देना होगा, लेकिन यात्री दिलचस्पी नहीं दिखाते। हादसे के बाद अब लोग बीमा कराने लगे हैं। जागरूकता आई है।

## सूखी हवा लेकर आएगी ठंड, उत्तरी इलाके में हो सकता है कड़ाके का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

काफी इंतजार के बाद प्रदेश में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होगा। उत्तर से आने वाली शुष्क हवा अपने साथ ठंड लेकर आएगी। तीन से चार दिनों में सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों का पारा 10 डिग्री के करीब पहुंचने की संभावना है। मध्य हिस्से में सुबह-सुबह की ठंड असर दिखा सकती है। ठंड का प्रभाव दिन में होने के लिए दिसंबर के अंतिम दिनों तक इंतजार करना पड़ेगा। शहर में विशेष परिस्थिति होने पर ही शीतलहर की स्थिति बनती है। अचानक मौसम में आने वाले बदलाव और हल्की बारिश से यहां कोल्ड डे वाले हालात दिसंबर और जनवरी में ही बनते हैं। राज्य में सबसे ज्यादा ठंड उत्तरी सीमा में मौजूद शहरों में पड़ती है। प्रदेश में ठंड की दस्तक हो चुकी और हवा की दिशा में बदलाव होने ▶▶|शेष पेज 14 पर



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### ईपीएफओ ने विकसित भारत रोजगार योजना की दी जानकारी

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा आज जांजगीर-चांपा जिले में उद्योग संघों एवं नियोक्ताओं की उपस्थिति में उद्योग आउटरीच बैठक एवं प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मेसर्स प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड चांपा के सनराइज हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयवदन इंगले, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-प्रथम रायपुर ने की। उन्होंने उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों एवं नियोक्ताओं को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के उद्देश्य, पात्रता एवं लाभों के साथ-साथ कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की विभिन्न डिजिटल सेवाओं की जानकारी विस्तार से दी। कार्यक्रम में कोसा सिल्क, इस्पात, निर्माण एवं अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्योग प्रतिनिधियों एवं नियोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक के पश्चात ईपीएफओ अधिकारियों द्वारा कोसा सिल्क उत्पादन इकाई का भ्रमण किया गया, जहां श्रमिकों को भविष्य निधि से संबंधित जानकारी दी गई ।

### गुरुद्वारा पंडरी में विशेष कीर्तन समागम कल

**रायपुर।** धन-धन गुरु तेगबहादुर सिंग साहिब के 350वें शहीदी शताब्दी दिवस के उपलक्ष्य में रविवार 9 नवंबर को गुरुद्वारा गुरु गोविंद नगर पंडरी में विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा। गुरुद्वारा श्रीगुरुसिंघ सभा एवं साध संगत गुरु गोविंद नगर पंडरी के तत्वावधान में होने जा रहे इस विशेष कीर्तन समागम में देश के विभिन्न स्थानों से प्रख्यात रागी जत्थों को आमंत्रित किया गया है। रविवार 9 नवंबर को इस विशेष कीर्तन समागम के लिए शाम 7 से रात्रि 11 बजे तक कीर्तनी दीवान सजाए जाएंगे।

# नए-पुराने मेडिकल कालेजों के 360 सहित चिकित्सा शिक्षा विभाग में 1009 पदों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राज्य की चिकित्सा व्यवस्था को और सशक्त करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग में विभिन्न 1009 पदों को शासन ने स्वीकृति प्रदान की है। इसमें दो पुराने और पांच नवीन चिकित्सा महाविद्यालय के 360 पदों पर आने वाले दिनों में भर्ती की जाएगी।

इसके अलावा शासकीय नर्सिंग और फिजियोथैरेपी कालेजों को भी मानव संसाधनों से लैस किया जाएगा। डीकेएस और बिलासपुर के सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में भी विभिन्न पद सृजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के संकल्प और योजनाबद्ध नीतियों से चिकित्सा शिक्षा का प्रदेश में विस्तार हो रहा है। मेडिकल कालेज के साथ नर्सिंग और फिजियोथैरेपी कालेज और उसमें विद्यार्थियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। इन शिक्षण संस्थानों के कॉलेजों के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके तहत चिकित्सा शिक्षा के 1009 विभिन्न पदों को स्वीकृति दी गई। इनमें चिकित्सा महाविद्यालय, नर्सिंग और फिजियोथैरेपी कालेज के विभिन्न पद शामिल हैं। पुराने के साथ बजट में स्वीकृत नए शिक्षण संस्थाओं में भी नए पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए संचालित डीकेएस में 1 पद और बिलासपुर के सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल में 55 स्वीकृत किए गए हैं। मेडिकल कालेज रायगढ़ में 39 और बिलासपुर चिकित्सा महाविद्यालय में 20 पदों को स्वीकृति प्रदान की गई है। मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के रेडियोथैरेपी विभाग के लिए 7 पद स्वीकृत किए गए हैं।

### इन पदों को भी हरी झंडी

- नए फिजियोथैरेपी कालेज- जगदलपुर, जशपुर, मनेंद्रगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, रायगढ़ में कुल 216 पद
- नए मेडिकल कालेज- दंतेवाड़ा, मनेंद्रगढ़, जशपुर, जांजगीर और कबीरधाम में कुल 300 पद
- नए नर्सिंग कालेज- दंतेवाड़ा, बैकुंठपुर, बीजापुर, बलरामपुर, जशपुर, नवा रायपुर, पुसौर, जांजगीर-चांपा और कुरुद में कुल 378 पद



- दो पुराने, पांच नए चिकित्सा महाविद्यालय में नए पदों को हरी झंडी
- नर्सिंग और फिजियोथैरेपी कालेज, सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों में भी होगी भर्ती

### इनका कहना

*हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ में चिकित्सा शिक्षा को नई ऊंचाई पर पहुंचाने का संकल्प लिया है। राज्य गठन के समय केवल एक मेडिकल कॉलेज था, आज पूरे प्रदेश में मेडिकल, नर्सिंग और फिजियोथैरेपी संस्थानों का जाल बिछ चुका है। यह निर्णय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा और प्रत्येक जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित होगा। - **विष्णु देव साय, मुख्यमंत्री***

*इन पदों की स्वीकृति से चिकित्सा शिक्षा के बुनियादी ढांचे का उल्लेखनीय विस्तार होगा तथा विभिन्न विशेषज्ञताओं में राज्य की क्षमता बढ़ेगी। शासकीय नर्सिंग और फिजियोथैरेपी प्रशिक्षण संस्थानों के विस्तार से क्षेत्रीय स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता बेहतर होगी, जिससे प्राथमिक और द्वितीयक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। - **श्याम बिहारी जायसवाल**, स्वास्थ्य मंत्री*

*पूरा राज्य अपने गठन के 25 वर्षों की रजत जयंती महोत्सव के कई श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में मना रहा है। उसी समय स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में यह अभूतपूर्व प्रगति छत्तीसगढ़ के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नीति-निर्देशन का परिणाम है। - **शिखा राजपूत तिवारी**, आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा*

## राज्य में पहली बार नकली दवा के मामले में एफडीए ने की दो मामलों में गिरफ्तारी

# किस राज्य से जुड़े नकली दवा के तार, गिरफ्तार आरोपियों से औषधि विभाग नहीं उगलवा पाया राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

गरियाबंद और रायगढ़ जैसे इलाकों में बिकने वाली नकली दवा के तार कहां से जुड़े हैं? इस बारे में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम गिरफ्तार कारोबारियों से राज नहीं उगलवा पाई है। राज्य में पहली बार ऐसा हुआ है, जब नकली दवा के प्रकरण में एफडीए की टीम ने किसी को गिरफ्तार किया है। इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इन नकली दवाओं का निर्माण राज्य में हुआ है अथवा कहीं और से लाकर इसे यहां खपाया जाता था।

राज्य में वैसे तो नकली दवा के प्रकरण पहले भी पकड़े गए हैं, मगर उनमें गिरफ्तारी नहीं होती थी। इस बार पिछले तीन दिनों तक गरियाबंद और रायगढ़ में दो कारोबारियों को कफ सिरप और कास्मेटिक क्रीम के मामले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है। दोनों प्रकरण में गंभीरता इसलिए जरूरी है, क्योंकि इन दवाओं में जिस कंपनी का लेबल लगा हुआ है, उन दोनों कंपनियों ने इसके निर्माण से इनकार किया है। आशंका इस बात की है कि राज्य के सुदूर इलाकों के साथ अन्य राज्यों में भी इन दवाओं की बिक्री की जाती होगी। एफडीए की टीम दोनों आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है, मगर इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है कि दोनों कारोबारियों को कफ सिरप और क्रीम की सप्लाई किनके द्वारा की जाती थी।

दवा का निर्माण छत्तीसगढ़ में किया गया था अथवा दूसरे राज्यों से लाकर खपाया जाता था, यह भी अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम नकली दवाओं के खिलाफ काफी समय से अभियान चला रही है। पिछले दिनों इसे लेकर राज्य में अभियान भी चलाया गया था, उस दौरान सौ के करीब दवाओं के सैंपल लिए गए थे। इन मामलों में आगे की जांच दवाओं के सैंपलों पर टिकी हुई है, जिसकी रिपोर्ट अब तक नहीं मिल पाई है।

### विभाग को मिली नयी गाड़ियां

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम को राज्य में दवाओं और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच में तेजी लाने के लिए शासन की ओर से नई गाड़ियां उपलब्ध कराई गई हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एफडीए के इस वाहन को हरी झंडी दिखाई। इसके पूर्व विभागीय अधिकारी अपने निजी अथवा किराये पर लिए जाने वाले वाहनों के जरिए अपनी कार्रवाई पूरी करते थे। अफसरों का कहना है कि इन वाहनों की मदद से विभागीय कार्यों में और तेजी आएगी।




### फरार होने की आशंका थी


दोनों मामलों में इस बात की आशंका थी कि दवाओं की खरीद-बिक्री के कागज जमा नहीं करने वाले आरोपी फरार हो सकते थे। इस आधार पर उनकी गिरफ्तारी की गई है। दवाओं की सप्लाई और बिक्री के संबंध में उनसे पूछताछ की जा रही है। दवाओं की जांच के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।
- **बीआर साहू,** सहायक नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन

### बिना एनएबीएल की मान्यता के

*राज्य में बिकने वाली दवाओं के सैंपल लेकर जिस सरकारी लैब में जांच कराई जाती है, उसे एनएबीएल की मान्यता ही नहीं है। जानकार सूत्रों के मुताबिक वर्तमान में दवाओं से संबंधित जांच के लिए जिस लैब का उपयोग किया जाता है, वह काफी छोटा है। इसके अलावा वहां कार्यरत स्टाफ की संख्या भी आधा दर्जन है। किसी लैब को मान्यता के लिए तय मानकों को पूरा करना पड़ता है। गिनती के स्टाफ और असुविधाओं के साथ काम करने वाले इस लैब की मान्यता की खातिर अब तक प्रयास ही नहीं किया गया है। विभागीय अफसरों का कहना है कि राज्य में नवा रायपुर में नया लैब प्रस्तावित है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं जुटाई जाएंगी। उस लैब के निर्माण के बाद ही मान्यता लेने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है।*

# आंबेडकर अस्पताल में डस्टबिन के पास प्लास्टिक में भ्रूण मिलने से मचा हड़कंप





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के इमरजेंसी गेट नंबर-2 के पास तड़के एक प्लास्टिक बैग में छह माह का भ्रूण मिलने से हड़कंप मच गया। भ्रूण मिलने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी मौदहापारा पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भ्रूण मिलने की घटना शुक्रवार तड़के छह से साढ़े छह बजे के बीच की बताई जा रही है। भ्रूण किसने फेंका है, पुलिस सीसीटीवी फूटेज की जांच कर रही है। भ्रूण फेंकने वालों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।

भ्रूण मिलने के बाद पुलिस के साथ अस्पताल प्रबंधन ने सीसीटीवी फूटेज की पड़ताल की। पड़ताल में तड़के साढ़े चार से पांच बजे के बीच दो स्कूटर में चार लोग इमरजेंसी गेट के पास रुकते दिखते हैं। स्कूटर में जो चार लोग पहुंचे थे। उनमें दो महिलाएं शामिल हैं, जिनका चेहरा बुरका से ढका हुआ है। एक महिला के हाथ में प्लास्टिक बैग दिख रहा है। चारों डस्टबिन के आसपास कुछ देर रुकते हैं। बताया जा रहा है, घटना समय लोगों की आवाजाही अचानक से बढ़ जाती है। इसके बाद महिला आनन-फानन में प्लास्टिक बैग को डस्टबिन में फेंकती है। प्लास्टिक बैग डस्टबिन में न जाकर जमीन पर गिर जाता है। इसके बाद चारों वहां से चुपचाप निकल जाते हैं।

- सीसीटीवी में दो स्कूटर में चार संदिग्ध दिखे, दो महिलाएं बुरके में दिख रहीं
- मौदहापारा पुलिस जांच में जुटी

### डीएनए प्रिजर्व किया जाएगा

भ्रूण किसका है, इसकी जानकारी जुटाने भ्रूण का डीएनए सैंपल निकालकर प्रिजर्व किया जाएगा। भोर होने के बाद अस्पताल आने-जाने वाले लोगों की नजर प्लास्टिक थैले पर पड़ी। प्लास्टिक थैला के आसपास खून फैला दिखा। लोगों ने नजदीक जाकर देखा, तब प्लास्टिक थैले के अंदर भ्रूण दिखा। इसके बाद लोगों ने अस्पताल प्रबंधन को डस्टबिन के पास भ्रूण होने की जानकारी दी।

## बिजनेस साइट

# 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के साथ एनटीपीसी ने मनाया स्थापना दिवस

**रायपुर।** एनटीपीसी नवा रायपुर में शुक्रवार को एनटीपीसी स्थापना दिवस 2025 उत्साहपूर्वक मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि दिवाकर कौशिक, सीईओ (एनएसपीसीएल) एवं क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (डब्ल्यूआर-II) ने एनटीपीसी ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात एनटीपीसी गीत प्रस्तुत किया गया।

अपने संबोधन में श्री कौशिक ने एनटीपीसी के 50 वर्षों की गौरवशाली यात्रा और देश की ऊर्जा सुरक्षा में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 84.8 गीगावाट की स्थापित क्षमता के साथ एनटीपीसी भारत की अग्रणी बिजली कंपनी के रूप में विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार पर केंद्रित नई पहलों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में केक काटकर और गुब्बारे उड़ाकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, महिला समिति की पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा सभी ने सीएमडी के लाइव संबोधन को सुना।




### बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह का रायपुर दौरा

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह आज रायपुर अंचल के दौरे पर होंगे। अपने दौरे के दौरान वे विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों की समीक्षा करेंगे तथा प्रमुख व्यावसायिक ग्राहकों से भेंट करेंगे। श्री सिंह बैंक की सेवाओं की गुणवत्ता, व्यावसायिक प्रगति और ग्राहक संतुष्टि पर विशेष ध्यान देंगे। रायपुर अंचल, मध्यभारत में बैंक ऑफ बड़ौदा का एक प्रमुख क्षेत्र है, जहां 212 शाखाएं संचालित हैं। यहां प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अटल पेंशन योजना, स्टैंड-अप इंडिया और अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं सफलतापूर्वक चलाई जा रही हैं। श्री सिंह इन योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा करेंगे और डिजिटल बैंकिंग व वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श करेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे किसान मेला एवं ग्राहक बैठक में शामिल होकर किसानों, स्व-सहायता समूहों और लघु उद्यमियों को संबोधित करेंगे तथा चयनित लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। उनका यह दौरा बैंक के कर्मचारियों व ग्राहकों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगा।



### रायपुर में उपलब्ध बिजनेस बेंच के प्रीमियम इंटीरियर प्रोडक्ट्स, घर-ऑफिस को देंगे नया लुक

**रायपुर।** अब अपने घर, ऑफिस या दुकान को आधुनिक और आकर्षक रूप देना हुआ आसान। देश के प्रतिष्ठित इंटीरियर ब्रांड 'बिजनेस बेंच' के बेहतरीन उत्पाद अब 'भगवती पॉलीग्रेनाइट' के माध्यम से रायपुर और पूरे छत्तीसगढ़ में उपलब्ध हैं। कंपनी के प्रमुख प्रोडक्ट्स में पॉलीग्रेनाइट शीट्स, डब्ल्यूपीसी पैनल, एसपीसी फ्लोरिंग, सॉफिट सीलिंग, बैम्बू चारकोल बोर्ड, स्टोन कोटेड रूफिंग, पीवीसी पैनल्स, पीयू स्टोन और यूपीवीसी रूफिंग शामिल हैं। इन उत्पादों की विशेषताएं इन्हें अन्य से अलग बनाती हैं - नैचुरल वुड टेक्सचर, आईएसओ सर्टिफाइड, स्क्रैच रेसिस्टेंट, जीरो मेंटेनेंस, एंटी कोरोसिव और आसान इंस्टॉलेशन जैसी खूबियों के साथ ये उत्पाद फायर, वाटर, यूवी और टर्माइट रेसिस्टेंट हैं। मजबूत वेट सपोर्ट और सीमलेस लुक के कारण ये हर प्रकार के इंटीरियर स्पेस के लिए परफेक्ट हैं।




### आंजनेय यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि

**रायपुर।** आंजनेय यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। नेशनल वन हेल्थ मिशन के अंतर्गत आयोजित आइडिया-वनः नेशनल वन हेल्थ हैकथॉन 2025 में विश्वविद्यालय की दो टीमों का चयन हुआ है। इनमें से टीम 'मेडिकनेक्ट' को सेंट्रल जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए नई दिल्ली में 20 नवम्बर को होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए आमंत्रित किया गया है। टीम में शिवांक पांडे (टीम लीडर), चिराग कश्यप (को-लीडर), शबाना यास्मीन, नोमिता हिरवानी-सभी बीटेक तृतीय सेमेस्टर (सीएसई-एआई) तथा एशिता भावे, बी-फार्मा तृतीय सेमेस्टर शामिल हैं। यह हैकथॉन आईसीएमआर द्वारा संचालित एक राष्ट्रीय पहल है, जिसका उद्देश्य मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के समन्वित समाधान विकसित करना है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने चयनित टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के नवाचार एवं अनुसंधान की भावना को सशक्त बनाती है।



# शालीमार 13 नवंबर से 9 दिन रहेगी रद्द, 18 को संतरागाछी स्टेशन से ही होगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़कपुर रेल मण्डल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। यह कार्य 13 से 23 नवंबर तक किया जा रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा, जिसमें एलटीटी शालीमार एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 22 व 23 नवंबर को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। वही 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 एवं 21 नवम्बर, 2025 को शालीमार से चलने वाली 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इसके अलावा 12, 13 एवं 19 नवम्बर, 2025 को एलटीटी से चलने वाली 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 14, 15 एवं 21 नवम्बर, 2025 को शालीमार से चलने वाली 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।



- दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़कपुर रेल मण्डल के शालीमार यार्ड का आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा

### बीच में समाप्त होने वाली गाड़ियां

18 नवम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस संतरागाछी स्टेशन ही समाप्त होगी एवं यह गाड़ी संतरागाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी तथा यह गाड़ी दिनांक 20 नवम्बर, 2025 को 12102 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस ट्रेन संतरागाछी से ही एलटीटी के लिए रवाना होगी। 19 नवम्बर को पोरबंदर से चलने वाली 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस संतरागाछी स्टेशन ही समाप्त होगी। यह गाड़ी संतरागाछी एवं शालीमार के बीच रद्द रहेगी। 21 नवम्बर 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस ट्रेन संतरागाछी से ही पोरबंदर के लिए रवाना होगी।

### देवपुरी में धूमधाम से मनाया दीपावली मिलन समारोह



**रायपुर।** पूज्य पंचायत संत गेलाराम नगर देवपुरी में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गोदड़ीवाला धाम की महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में कॉलोनी के सभी निवासियों ने कार्यक्रम की शुरुआत में बाबा गेलाराम की देहरी पर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। पंचायत के संरक्षक ईश्वर कोडवानी ने बताया कि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जहां भक्ति संगीत की धुन पर सभी उपस्थितजन झूमते गाते रहे। कार्यक्रम में संरक्षक ईश्वर कोडवानी, अध्यक्ष महेश हरजानी, महासचिव राजेश गिदवानी, अमर गिदवानी, अजय टेकवानी, राजू काशवानी, लालचंद खूबवानी, गिरिश नागदेव, ठाकुर डेंगवानी, रवि सचदेव समेत पंचायत के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।

## पेज 13 के शेष ...

### दशहरा की छुट्टी में पंप उखाड़कर ...

खत लिखा है। प्रधान पाठक के हवाले से लिखे गए इस खत में कहा गया है कि दशहरा की छुट्टियों में उनके स्कूल का सबमर्सिबल पंप चोरी हो गया है। मध्यान्ह भोजन शाला परिसर में ही निर्मित होता है, इसलिए यथाशीघ्र सबमर्सिबल पंप लगाने की अनुरोध किया गया है। सूत्रों के अनुसार, पंप चोरी होने के बाद से ही स्कूल में पानी की किल्लत हो गई है। मध्यान्ह भोजन के लिए भी आस-पास से पानी लाया जा रहा है। पंप उखाड़ने के बाद खुले रह गए बोर को कपड़े की मदद से ढंक दिया गया है ताकि किसी तरह की दुर्घटना ना हो।

### हादसे के बाद बढ़ी सतर्कता...

टिकट खरीदते समय 45 पैसे बीमा का अतिरिक्त शुल्क आईआरसीटीसी को दिया है। बता दें कि लोकल ट्रेन में इंश्योरेंस की सुविधा नहीं मिलती। सिर्फ ऑनलाइन आरक्षित ट्रेनों में ही इंश्योरेंस की सुविधा देती है और वह भी वैकल्पिक सुविधा होती है।

### सूखी हवा लेकर आएगी ठंड, उत्तरी इलाके...

की वजह से इसमें बढ़ोतरी होने की संभावना है। शुष्क हवा के प्रभाव से प्रदेश में अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस के आसपास गिरावट होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक इस गिरावट के बाद सरगुजा संभाग के विभिन्न हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। अभी अंबिकापुर का पारा 13 डिग्री के साथ सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस कम है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य में बढ़ती ठंड महसूस हुई है। शहर में न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रहा, जो सामान्य से अधिक है, मगर सुबह में ठंडकता बढ़ी रही। दिन में दोपहर तक धूप निकली रही और शाम होने के बाद बादल छा गए। राज्य में सबसे अधिक तापमान रायपुर 31 और सबसे कम अंबिकापुर 13 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड किया गया।

**ऐसा रहा शहर का पारा**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रायपुर | 31.1 | 21.3 |
| माना | 30.7 | 19.5 |
| बिलासपुर | 30.8 | 21.6 |
| पेंड्र | 30.4 | 14.6 |
| अंबिकापुर | 29.4 | 12.5 |
| जगदलपुर | 19.2 | 17.2 |
| दुर्ग | 30.8 | 17.2 |
| राजनांदगांव | 31.0 | 17.0 |






हरिभूमि

रायपुर, शनिवार 8 नवंबर 2025

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



शाही शादियों में पारंपरिक बैंड-बाजे का ....

**लाइव इवेंट**

## एनआईटी में कोडउत्सव 9.0 का समापन, वायईओ विजेता टीम



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के ट्यूरिंग क्लब ऑफ प्रोग्रामर्स द्वारा आयोजित दो दिवसीय कोडिंग हैकथॉन 'कोडउत्सव 9.0' का समापन शुक्रवार को हुआ। करीब 28 घंटे तक चलने वाली हैकाथॉन में देशभर के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत से कुमार विश्वरंजन उपस्थित रहे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने छात्रों को प्रेरणा देते हुए कहा कि उन्हें अपनी पढ़ाई और काम के दौरान मानवीय मूल्यों को हमेशा याद रखना चाहिए, क्योंकि अक्सर मानवीय त्रुटियां हो जाती हैं।

### विद्यार्थी जीवन में मेहनत करना जरूरी

कुमार विश्वरंजन ने बताया कि वे बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर रहे हैं और उन्होंने अपनी पढ़ाई आईआईटी खड़गपुर से की। विद्यार्थी जीवन में निरंतर मेहनत करनी चाहिए, जो उन्हें बड़ी कामयाबी के ओर ले जाएगा। इस अवसर पर एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी उपस्थित रहे। इस समारोह का आयोजन ट्यूरिंग क्लब ऑफ प्रोग्रामर्स से डॉ. पवन कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में 40 टीम और लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण हिस्सा लिया।


### क्रिएटिव आइडियाज से जीता पुरस्कार


40 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार टीम-4 वायईओ को मिला, जो रूंगटा कॉलेज भिलाई के छात्र थे। जिन्होंने एआई-सक्षम बीपी मैनेजमेंट एप्लिकेशन तैयार किया, जिसमें इमरजेंसी अलर्ट, वॉइस असिस्टेंस, लैब रिपोर्ट स्टोरेज और रोगी-चिकित्सक के लिए समर्पित पोर्टल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। 30 हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार वाईब कोडर्स एनआईटी के छात्रों ने हासिल किया। जिन्होंने एनएलपी और जैमीनी एपीआईएस का उपयोग करते हुए एक एमएल-आधारित इनवॉइस प्रबंधन प्रणाली विकसित की और 20 हजार का तृतीय पुरस्कार साइफर ओ-एक्स टीम एनआईटी ने जीता, जिन्होंने नौ प्रकार के त्वचा रोगों की पहचान करने वाला एक एमएल मॉडल तैयार किया, जो डर्मेटोलॉजिस्ट को डेटा-आधारित विश्लेषण के माध्यम से समाधान निकालने में सहायता प्रदान कर सकता है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नाट्य प्रस्तुति

# संगठित राष्ट्र ही विश्व में प्रबल होगा... युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार और तिलक के संवादों से सजे नाट्य मंचन में संघ का सफर

**संगठित राष्ट्र ही विश्व में प्रबल होगा, इसे ध्यान में रखते हुए हमें राष्ट्रहित में काम करने के लिए आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में शुक्रवार की रात कुछ इसी तरह के संवादों से संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की भूमिका निभाते हुए सतीश खेकले दृढ़ इच्छाशक्ति से भरे संवादों के साथ मंच पर आए। जैसे-जैसे डॉ. हेडगेवार के जीवन और संघ का सफर नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार की श्रृंखला में आगे बढ़ा।**





**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम के दर्शक दीर्घा में मौजूद प्रबुद्ध वर्ग ने नाट्य मंचन के माध्यम से संघ के सफर और इसके लिए तय आदर्शों की बखूबी झलक नाट्य कलाकारों ने पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। तिलक और डॉ. हेडगेवार सहित संघ के अन्य सेवकों से जुड़े संवादों से नाट्य मंचन आगे बढ़ा। प्रस्तुति में मुख्य केंद्र हजारों वर्षों की गुलामी को देखते हुए भविष्य में राष्ट्र को संगठित करने के लिए डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य को दिखाया।

### हतप्रभ करने वाले नेतृत्व का भी लोगों ने सामना किया

मंच पर अमोल तेलपांडे, रमेश चंद्र दीक्षित, मंगेश बावसे, विनायक श्रोत्रिय, प्रशांत मांगड़े, मिलिंद हसब्निस, विनय लोहित, विनय मोदक ने डॉ. हेडगेवार के साथ मंचीय संवादों से हिंदू समाज को संगठित और देश को मजबूत करने के लिए जिस तरह से एक आदर्श मार्ग तैयार किया और उस विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए किस तरह के प्रयास किए। इसके चलते किस-किस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उसे गणेश केलकर, विजय हरदास, ऋषिकेश अंबुलकर, मयंक जैन, सचिन चावरे ने अलग-अलग क्रम में संवादों से आगे बढ़ाया। दुराग्रही तथा आंदोलन को विना परिणाम के आधे में हतप्रभ करने वाले नेतृत्व का भी सामना किया।

### संगठन का आध्यात्मिक आधार और स्वातंत्र्य वीर



प्रस्तुत नाटक के निर्माता पद्माकर धानोरकर और लेखक डॉ. अजय प्रधान के साथ ही अभिनेता एवं निर्देशक सुबोध सुरजिकर की मेहनत रंग लाई। मंच पर इसे संगीत से संवारने का दायित्व शैलेश दानी एवं उनकी टीम ने उठाया। स्वतंत्रता के अहिंसक आंदोलन में घिसटते हिंदू समाज और उसकी संवेदना को दर्शकों ने भी महसूस किया। स्वातंत्र्य सेनानी की भूमिका में डॉ. हेडगेवार पर चलाए गए राजद्रोह के अभियोग का दंश भी मंच पर देखने को मिला। तिलक के कर्मयोग, योगी अरविंद से संगठन का आध्यात्मिक आधार और स्वातंत्र्य वीर सावरकर द्वारा दिया गया प्रखर राष्ट्रभक्ति का संदेश। तीन नदियों के संगम से हिंदू राष्ट्रवाद के उदय को निखिल एदलाबादकर, आनंद बालापुरे, ऋषि पवार, राज पवार, श्याम पिंपरेकर ने अभिनय से जीवंत किया।

### दर्शक दीर्घा में मौजूद थे क्षेत्र और प्रांत के अधिकारी

नाटक युगाप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार में उनके कांग्रेस से जुड़ने, क्रांतिकारी संघर्षों में हिस्सा लेने का प्रसंग भी दिखाया गया। हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लेकर काम शुरू किया। वहीं ऑडिटोरियम में किए गए नाटक मंचन में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर सहित भारी तादाद में संघ सेवकों ने इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अब तक के संघर्ष और किए गए प्रयासों के बीच चुनौतियों का भी एहसास कलाकारों ने संवादों से दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्षेत्र और प्रांत के अधिकारी भी दर्शक दीर्घा में मौजूद थे। जब 19वीं शताब्दी के प्राथमिक चरण में स्वतंत्रता का आंदोलन कांग्रेस के गरम दल के हाथों से आगे बढ़ते हुए बाद में अहिंसा के मार्ग पर आंदोलन का क्षीण होना और स्वप्नवादी तुष्टिकरण भी देखने को मिला।

**सिटी लाइव**

## बोर्ड एग्जाम पर फोकस बढ़ाने तैयार कर रहे क्रिएटिव स्टडी रूम



**रायपुर।** अब दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के लिए कुछ ही माह शेष हैं। ऐसे में स्कूल, ट्यूशन क्लासेस और स्टडी रूम में बच्चे अपना समय बिता रहे। दिनभर की मेहनत और पढ़ाई के बाद कई बार बच्चों के लिए वापस स्टडी रूम में बैठकर पढ़ाई करना मुश्किल हो जाता है। इस स्थिति में माता-पिता अपने बच्चों के स्टडी रूम को यूनिक और क्रिएटिव तरीके से सजाकर उन्हें पढ़ाई के लिए मोटिवेट कर सकते हैं। कम समय में होने वाला यह वॉल डेकोरेशन बच्चों को न केवल पढ़ाई में मन लगाने में मदद करेगा, बल्कि उनकी क्रिएटिविटी को भी बढ़ावा देगा। इंटीरियर डिजाइनर ने बताया कि स्टडी रूम में क्रिएटिव पोस्टर्स, मोटिवेशनल कोट्स, थॉटफुल पेंटिंग्स और व्यवस्थित स्टडी कॉर्नर होना चाहिए। इससे बच्चों का हौसला बढ़ता है और पढ़ाई के परिवेश में सुधार होता है। इन बदलाव से वॉल आर्ट्स, नोट बोर्ड और किताबों के लिए क्रिएटिव स्टोरेज बच्चों को पढ़ाई में मददगार साबित होता है। यह अलग-अलग आइडियाज कम खर्च में किए जा सकते हैं और ये प्रोडक्ट दुकानों या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सस्ते दामों में आसानी से मिलने लगे हैं।

### कम बजट में आर्टिफिशियल ग्रीनरी डेकोरेशन

स्टडी रूम को आकर्षक और पढ़ाई के लिए प्रेरक बनाने के लिए अब पैरेंट्स आर्टिफिशियल ग्रीनरी का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह न केवल बजट-फ्रेंडली है, बल्कि आंखों के लिए भी आरामदायक और मन को सुकून देने वाला साबित होता है। इंटीरियर डिजाइनर संजना गुप्ता ने बताया कि पैरेंट्स कम बजट में स्टडी टेबल के पास की दीवार को डिजाइन कर सकते हैं। इसके लिए आर्टिफिशियल फ्लॉवर, छोटे पौधे और इमेजेस का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसकी कीमत सिर्फ 200 रुपए से शुरू होती है।

### थॉटफुल मैसेज से होते हैं मोटिवेट

*इंटीरियर डिजाइनर सौरभ चंद्राकर ने बताया कि स्कूल और ट्यूशन क्लास में बच्चे लगभग 7-8 घंटे बिताते हैं, ऐसे में फाइनल एग्जाम के समय उनका तनाव बढ़ता जाता है। इस दौरान पढ़ाई करना बच्चों के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण काम बन जाता है। ऐसे में पैरेंट्स बच्चों के स्टडी टेबल और दीवारों को हल्के रंगों में डेकोरेट करना चाहिए। इसके साथ ही दीवारों पर मोटिवेशनल इमेजेस और थॉटफुल मैसेज रखें। इस तरह का स्टडी रूम न केवल बच्चों को पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है, बल्कि उनका मानसिक तनाव भी कम करता है। छोटे बदलावों के जरिए बच्चे एग्जाम की तैयारी के दौरान अधिक प्रेरित और मनोबल से भरे रहते हैं।*

## नृत्य में पिरोया आपरेशन सिंदूर, भारतीय सेना के साहस और बलिदान को किया याद

**रायपुर।** महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड के 75वें स्थापना दिवस एवं रोवर-रेंजर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदेमातरम के गायन से हुई, जिसे 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति के साथ हुई, समारोह में छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति से खूब तालियां बटोरीं। जहां ऑपरेशन सिंदूर को नृत्य-नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। जहां भारतीय सेना के साहस और बलिदान को दर्शाया गया।




### रोवर-रेंजर शपथ ग्रहण समारोह

सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विशेष तौर पर रोवर-रेंजर शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया, जहां पूर्व चेयरमैन राजेश अग्रवाल ने स्काउट्स एवं गाइड्स की परंपरा को राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय योगदान के लिए प्रेरणास्पद कहा। चेयरमैन रमेश अग्रवाल ने कहा कि रोवर और रेंजर कार्यक्रम युवाओं में समाजसेवा, सहयोग और नेतृत्व की भावना विकसित करते हैं। इस दौरान राज्यपाल पुरस्कार विजेताओं को 5 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी गई। कार्यक्रम में रोवर अध्यक्ष रोवर शेख शाह और सचिव रेंजर गायत्री ने आगामी वर्ष के लिए सेवा की शपथ ली और निष्ठा, सहायता तथा निस्वार्थ सेवा के सिद्धांतों का संकल्प लिया।

## वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। शुक्रवार को संस्था के ऑडिटोरियम में राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन रखा गया। यह आयोजन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश में किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के रागा क्लब द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित "वंदे मातरम" की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता का सम्मान करना रहा। वह गीत जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से "वंदे मातरम" के गायन से हुआ, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति और एकता के भाव से गूंज उठा। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने गर्व और उत्साह के साथ इस राष्ट्रीय गीत का गायन किया। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव ने संबोधित करते हुए कहा कि "वंदे मातरम" में निहित आदर्श आज भी हम सभी में राष्ट्रभक्ति, एकता और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रबल करते हैं।

### विशेष प्रसारण को लाइव देखा गया

इस दौरान सभी ने इस अद्भुत अवसर पर भारत सरकार द्वारा आयोजित विशेष प्रसारण को लाइव देखा। इस कार्यक्रम में वंदे मातरम का अद्भुत गायन और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वंदे मातरम की विशाल विरासत को बयान करता उद्बोधन शामिल रहा, जिसका सभी ने आनंद लिया। इस आयोजन के माध्यम से एनआईटी रायपुर ने एक बार फिर अपने समुदाय के बीच राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

नेशनल डर्ट सुपरक्रॉस बाइक रेसिंग चैंपियनशिप की तैयारियां जोरों पर, देशभर के प्रोफेशनल राइडर्स लेंगे हिस्सा

# 200 ट्रक मिट्टी से आउटडोर स्टेडियम में बनाया स्पेशल ट्रैक अभ्यास सत्र में बाइकर्स आज दिखाएंगे हैरतअंगेज करतब

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** खेलों और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 8 और 9 नवंबर को बूढ़ापारा स्थित आउटडोर स्टेडियम में नेशनल डर्ट सुपरक्रॉस बाइक रेसिंग प्रतियोगिता होने जा रही है। आज शाम 5 बजे अभ्यास सत्र होगा। वहीं 9 नवंबर रविवार को शाम 5 बजे उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और मंत्रिमंडल के सदस्य शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ मोटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्जवल दीपक ने बताया कि यह रोमांचक आयोजन फ्लड लाइट्स की दूधिया रोशनी में होगा, जिससे दर्शकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुभव प्राप्त होगा।




### आज एंट्री के लिए मुफ्त पास की सुविधा



देशभर से राइडर्स के रायपुर पहुंचने का सिलसिला जारी है और पूरे शहर में इस अनोखे आयोजन को लेकर गजब का उत्साह दिख रहा है। आयोजन के मीडिया प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि आयोजन में 8 नवंबर को होने वाले विशेष कार्यक्रम के लिए मुफ्त पास दिए जा रहे हैं। 9 नवंबर को होने वाले आयोजन में बुक माय शो, फाइंड माई वाइब जैसे प्लेटफार्म्स से टिकट लेकर ही आयोजन में प्रवेश संभव है।

### 200 ट्रक मिट्टी का उपयोग




इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न शहरों से प्रोफेशनल राइडर्स रायपुर पहुंच रहे हैं। प्रतियोगिता के लिए विशेष ट्रैक का निर्माण दिल्ली, पुणे और मुंबई के विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है और चेन्नई से आए फेडरेशन के अधिकारी इस पर निगरानी रख रहे हैं। ट्रैक निर्माण के लिए लगभग 200 ट्रक मिट्टी का उपयोग किया जा रहा है, ताकि अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रेसिंग का अनुभव मिल सके। एसोसिएशन ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी के सहयोग से स्टेडियम के सुधार कार्य और सोनपुर-पाटन में प्रैक्टिस ट्रैक की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

## सिटी लाइव

# दही-हांडी मैदान में आज होगा सद्गुरु का प्रवचन, बताएंगे समस्या का हल



रायपुर। जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज दक्षिणपीठ नानीजधाम जिला रत्नागिरी महाराष्ट्र के पीठाधीश्वर हैं। स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज ऐसे सद्गुरु हैं, जिनकी वाणी और स्पर्श के सानिध्य में शक्ति है। मानव जाति को प्रेम, सद्भावना, दया एवं शांति का संदेश देने महाराज का रायपुर आगमन हो रहा है। शुक्रवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य जी उप-पीठ छत्तीसगढ़ के सदस्य सच्चिदानंद उपासने, घनश्याम माहेश्वरी ने यह जानकारी दी। आगे बताया कि इस दिव्य सत्संग में समस्या मार्गदर्शन पर्ची 8 नवंबर को ही सुबह 7 से 9 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल पर ही मिलेगी। महाराज के श्रीमुख से दिव्य प्रवचन के साथ समस्या मार्ग दर्शन का लाभ भी हजारों की तादाद में आयोजन का हिस्सा बनने वाले धर्म अनुरागियों को प्राप्त होगा।

### हजारों लोगों को मिलेगा प्रवचन श्रवण का लाभ

इस एक दिवसीय प्रवचन, दर्शन एवं समस्या मार्गदर्शन का दिव्य आयोजन शनिवार को श्रीनगर-गुढ़ियारी मार्ग स्थित दही-हांडी मैदान में किया जाएगा। इसका शुभारंभ सुबह 9 बजे आस्थामय माहौल में किया जाएगा। इसमें जगद्गुरु के मुखारविंद से दिव्य प्रवचन सुनने का अवसर हजारों शिष्यों को मिलने वाला है। जगद्गुरु द्वारा भक्तों की समस्याओं के समाधान के लिए मार्गदर्शन का अवसर भी प्राप्त होगा। इस दिव्य आयोजन में हर क्षेत्र और आयुवर्ग के लोग सहभागी बनते हुए पुण्य अर्जित करें, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी कार्यों की जिम्मेदारी अलग-अलग प्रभारियों को दी गई है, ताकि लोगों को दिक्कत न होने पाए।

## इवेंट लाइव

# देशभक्ति के जज्बे से सजेगा उत्सव, सेवादारों ने की तैयारी

रायपुर। वंदेमातरम के अमर जयघोष और राष्ट्र गौरव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के पवित्र संकल्प के साथ ओम मंडली शिव शक्ति अवतार सेवा संस्थान की अध्यक्षा देवकी मय्या सन 2017 से राष्ट्रीय चेतना और आध्यात्मिक पुनर्जागरण की अलख जगा रही हैं। उनके मार्गदर्शन में अब तक भारत के 300 से अधिक स्थानों पर विशाल तिरंगा यात्रा और संस्कार परिवर्तन के दिव्य सत्संग आयोजित किए गए हैं। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सीधी में शनिवार को विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झांकियों के साथ एक किलोमीटर लम्बी तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए रायपुर से सेवादारों का समूह रवाना हुआ है।

### सांस्कृतिक समरसता का संदेश भी

सेवा संस्था से मिली जानकारी के मुताबिक, रविवार को स्वयंवर पैलेस, सीधी में शिव भोलेनाथ का दिव्य सत्संग, ऊँ महामंत्र का उच्चारण और वंदेमातरम के सामूहिक गायन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। यह आयोजन न केवल आस्था और आध्यात्मिकता का प्रतीक बनेगा, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी संदेश देगा। देवकी मय्या के नेतृत्व में चल रहे महायज्ञ को भारत सरकार ने भी राष्ट्रीय महोत्सव का स्वरूप दिया है। इसके बाद कांकेर में 22 और 23 नवंबर को भव्य आयोजन की तैयारी सेवादार करने के लिए जुटेंगे।

## आराधना

# सुधांशुजी महाराज के दिव्य भक्ति सत्संग में शामिल होने आएंगे 15 हजार दीक्षित

रायपुर। श्री कैलाश शिखर का स्वरूप ले रहे ब्रह्मलोक आश्रम से जुड़े विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल ने 4 से 7 दिसंबर तक शहर के इंडोर स्टेडियम में होने वाले सुधांशु महाराज के दिव्य भक्ति सत्संग से जुड़े आयोजन की जानकारी मंडल के अध्यक्ष सुरेश सचदेव, दिलीप सचदेव, विनोद शर्मा, मीनलकांत अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम बूढ़ापारा में ही 4 दिसंबर को शाम 5 बजे दिव्य सत्संग का शुभारंभ होगा। इस बार सुधांशुजी महाराज एवं डॉ. अर्चिका दीदी का सानिध्य 15 हजार से भी ज्यादा दीक्षित शिष्यों को मिलने वाला है। आकर्षक झांकियों के साथ कलश यात्रा से दिव्य सत्संग का आगाज होगा। इसके बाद प्रतिदिन सुबह 9 से साढे 11 और शाम को 5 से साढ़े 7 बजे तक गुरुजी महाराज के सत्संग का लाभ लोगों को मिलेगा।



### इंडोर स्टेडियम में मनाई जाएगी रजत जयंती

सत्संग की श्रृंखला में अंतिम दिन सुबह 11 बजे से मंत्र दीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए प्रदेश के दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, कवर्धा सहित धमतरी, बालोद और कांकेर सहित दूसरे राज्यों से भी दीक्षित शिष्य आयोजन का हिस्सा बनने आएंगे। इस बार मंत्र दीक्षा के लिए लोगों ने मिशन से संपर्क बनाना शुरू किया है। इसे देखते हुए आयोजकों ने इस रजत जयंती महोत्सव की तर्ज पर मनाने और इसके लिए व्यवस्थागत तैयारी भी तेज की है। सत्संग के बीच महाराज परसदा में आकार ले रहे श्री कैलाश शिखर और ब्रह्मलोक आश्रम का अवलोकन भी करेंगे। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि मार्च 2027 तक निर्माण को पूरा करने का प्रयास रहेगा।

---

शादियों का सीजन आते ही शहरों में बैंड पार्टियों की एडवांस बुकिंग, 45 से 65 हजार रुपए तक चार्जेस

# शाही शादियों में पारंपरिक बैंड-बाजे का लौटा ट्रेंड, नए-पुराने फिल्मी मिक्स सांग्स थीम की धुन पर झूमते दुल्हन के दरवाजे पहुंच रहे बाराती

**नवंबर महीने से ही शादियों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में शादियों में शाही बारात के लिए पारंपरिक भारतीय बैंड-बाजे का चलन फिर लौटा है। शादियों में बैंड-बाजे के साथ बाराती नए-पुराने फिल्मी गीतों के मिक्स थीम सॉंग की धुन पर डांस करते दुल्हन के दरवाजे तक पहुंच रहे हैं। राजधानी रायपुर, बिलासपुर और भिलाई के टॉप बैंड-बाजा पार्टियों की नवंबर-दिसंबर की एडवांस में बुकिंग हो चुकी है।**

रायपुर। बिलासपुर के प्रमुख बैंड-बाजा पार्टी में से एक राज बैंड पार्टी के संचालक अजय कुलपहाड़ी ने बताया कि नवंबर से पहले ही बैंड-बाजा की बुकिंग आना शुरू हो गई है। 4 नवंबर से लगातार अगले दिसंबर तक के लिए एडवांस में बुकिंग मिल रही है। यह अच्छी बात है कि शादियों में पारंपरिक भारतीय बैंड-बाजे का चलन लौट रहा है। हालांकि डीजे आने से बैंड-बाजे की डिमांड कुछ समय के लिए घट गई थी, लेकिन अब वह फिर से ट्रेंड में आया है। वहीं भिलाई के टॉप बैंड बाजा पार्टी के संचालक राजू ने बताया कि शादियों के लिए थोक में बुकिंग मिली हुई है। लोकल व आसपास के शहरों दुर्ग, अहिवारा के लिए नवंबर से दिसंबर तक के लिए बैंड एडवांस में बुक चल रही है। हमारी बैंड बाजा पार्टी के बजट की बात करें तो वह ग्राहकों के रिक्वायरमेंट के हिसाब से तय करते हैं। फिर भी एक औसतन भव्य बारात के लिए बैंड-बाजा दल का बजट अधिकतम 55 से 70 हजार तक रहता है। अभी के सीजन में तो हाई सोसायटियों की शादियों के लिए तो पारंपरिक भारतीय बैंड-बाजा के बिना बारात निकल ही नहीं रही है। शहरी क्षेत्रों में बैंड बाजा की डिमांड काफी अच्छी देखने को मिल रही है। अब इस शादी सीजन की शुरुआत जिस तरह से हुई है, उससे यही लग रहा है कि बैंड-बाजा दलों की कमाई अच्छी होने वाली है।



### शाही बैंड में 31 बैंड मास्टर व 15 लाइट टेकर की टीम

बैंड पार्टी के अनुसार, एक शाही बैंड बाजा पार्टी में लीड बैंड मास्टर के साथ 31 लोग और लाइटिंग के लिए 15 लोगों की टीम लगती है। वहीं बैंड टीम के लिए जयपुरी थीम बेस्ड ड्रेसेस होती है। इस तरह से कुल 45-46 लोगों से मिलकर एक भव्य बैंड टीम बनती है। बैंड का आकर्षण बढ़ाने के लिए आधुनिक इंस्ट्रूमेंट्स, सेक्सोफोन, ड्रम का भी इस्तेमाल किया जाता है।





### 80-90 के दशक के गीतों के साथ नए गानों की मिक्स धुन डिमांड में

बैंड मास्टरों ने बताया कि सबसे ज्यादा बारातियों की डिमांड नागिन डांस, सात समंदर पार और लावारिस ट्रैक मिक्स्ड सांग्स जैसे गानों की धुन पर डांस करने की रहती है। साथ ही साउथ इंडियन फिल्मों के सांग्स व छत्तीसगढ़ी फिल्मों की धुन भी बजाने की मांग रहती है। बारातियों के मनपसंद गीतों पर धुन बजाकर बारात का माहौल फुल इंटरटेनिंग बनाने पहले से ही ग्राहकों के मुताबिक थीम वाली धुनों की तैयारी करते हैं।

### भव्य बारात का लोकल में 45 से 50 हजार रुपए तक चार्ज

बिलासपुर के टॉप बैंड बाजा पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार, वहां टॉप बैंड का चार्ज लोकल में 45 से 50 हजार रुपए है। वहीं दूरी व रिक्वायरमेंट की मुताबिक चार्ज तय किया जाता है। इधर रायपुर राजधानी के बैंड-बाजा संचालक प्रकाश महानंद के अनुसार टॉप शाही बैंड का शुल्क 40 से 65 हजार रुपए तक है। इस तरह से बैंड-बाजा पार्टियों का शुल्क प्रमुख शहरों में लगभग एक-सा ही है।

---

# रेडियोग्रॉफी से अब हड्डियों के भीतर छिपे कैंसर का भी चलेगा पता, पेट-स्कैन से अब पहचान आसान

रायपुर। शरीर को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने का कार्य रेडियोग्रॉफी द्वारा किया जाता है। इन दिनों बदलते खानपान और दिनचर्या ने लोगों को सुस्त बना दिया है, जिससे वे एक्सरसाइज करना पसंद नहीं करते, ऐसे में रेडियोग्रॉफी सकारात्मक माध्यम है। जो शरीर में होने वाली छोटे-बड़े बदलाव की रिपोर्ट देती है, जिससे समय रहते ही बीमारी का जड़ से इलाज संभव है।

"अक्सर लोगों को रेडियोग्राफी को समझने में मुश्किल होती हैं, वे समझ नहीं पाते कि रेडियोग्रॉफी क्या है? यह किन बीमारियों में काम आती है? और इसका इस्तेमाल शरीर के लिए फायदेमंद है या नहीं? कुछ इस तरह के प्रश्न सभी के मन में होते हैं। ऐसे में हरिभूमि ने शहर के रेडियोलॉजिस्ट से बातचीत की और सरल शब्दों में समझने का प्रयास किया है।"

### प्रेग्नेंसी के 5 महीने सीटी स्कैन कराने से बचे...

एमडी रेडियोलॉजिस्ट शरद चाण्डक ने बताया कि मेडिकल रेडियोग्रॉफी की मदद से अब शरीर के अंदरूनी अंगों की जांच पहले की तुलना में कहीं अधिक सरल हो गई है। सीटी स्कैन में रेडिएशन की मात्रा अधिक होती है, इसलिए इसे केवल आवश्यकता पड़ने पर और डॉक्टर की सलाह के अनुसार ही कराना चाहिए। बार-बार रेडिएशन के संपर्क से शरीर पर नकारात्मक प्रभाव हो सकता है। खासतौर पर गर्भवती महिलाओं को शुरुआती पांच महीनों में सीटी स्कैन कराने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे भ्रूण (बच्चे) के विकास पर रेडिएशन का असर पड़ सकता है। अगर किसी मेडिकल इमरजेंसी के कारण स्कैन करानी हो तो लेड शीट से पेट को कवर करके जांच करानी चाहिए।



**बढ़ती हेल्थ अवेयरनेस के बीच रेडियोग्रॉफी बनी भरोसेमंद जांच तकनीक**

### बीते 5 साल में हेल्थ अवेयरनेस

बदलती लाइफ स्टाइल और बढ़ती हेल्थ अवेयरनेस के बीच अब लोग बीमारियों की जांच के लिए रेडियोग्रॉफी पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। रेडियोग्रॉफी एक्सपर्ट आशुतोष गुप्ता ने बताया कि यह तकनीक बीमारियों की पहचान में बेहद मददगार साबित हो रही है। इससे कम समय में ही मरीजों का ट्रीटमेंट संभव हो पाया है। शहर स्थित जिला अस्पताल में हर माह करीब 100 से 150 सीटी स्कैन और 1500 से 2000 एक्स-रे किए जाते हैं। पिछले 5 साल में लोगों में हेल्थ अवेयरनेस बढ़ने के कारण जांच की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है।

### रेडियोग्रॉफी का ज्यादा उपयोग क्या नुकसान करता है?

*रेडियोग्रॉफी का अधिक उपयोग कुछ स्थितियों में नुकसानदायक भी हो सकता है, क्योंकि इसके रेडिएशन शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए जांच के दौरान सावधानी बरतना आवश्यक है। इन दिनों कैंसर मरीजों के लिए रेडियोथैरेपी का उपयोग किया जा रहा है, जो शरीर में मौजूद बैक्टीरिया या कैंसर सेल्स को नष्ट करने में मदद करती है। सीटी स्कैन और एक्स-रे में सामान्य रेडिएशन का स्तर बहुत कम होता है, जबकि रेडियोथैरेपी में यह उच्च मात्रा में होता है और केवल ट्रीटमेंट के लिए इस्तेमाल किया जाता है।*

### अब शरीर में फैले कैंसर की सही पहचान संभव

*कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. युसूफ मेमन ने बताया कि कैंसर के मरीजों में एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई और पेट-स्कैन किया जाता है। शरीर में कैंसर कहां-कहां तक फैला है। किस ऑर्गेन को अधिक प्रभावित किया है? कितने प्रतिशत कैंसर की समस्या? क्या हड्डियों तक पहुंचा? जैसे कई सवाल एक मात्र रेडियोग्रॉफी से सुलझाए जा सकते हैं। सरल शब्दों में समझें तो पहले कैंसर का इलाज करने के बाद 3-4 माह में बीमारी वापस आ जाती, लेकिन पॉजिट्रॉन एमिशन टोमोग्रॉफी (पेट-स्कैन) की मदद से कुछ सालों में यह इलाज सरल हो गया है। अब शरीर में हड्डियों के भीतर भी फैले कैंसर को जांच की मदद से देखा जा सकता है और समय रहते इसका इलाज संभव है।*

# छग रजत महोत्सव में रेलवे की प्रदर्शनी को मिला द्वितीय पुरस्कार



रायपुर। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उपक्रम श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार दिया गया। राज्य अलंकरण एवं रजत समारोह समापन 2025 के वैभवशाली मंच पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रायपुर मंडल के वरिष्ठ प्रचारक निरीक्षक शिव प्रसाद ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। यह सम्मान दपूमरे महाप्रबंधक के दिशा-निर्देशन एवं रायपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी बिलासपुर, वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी, तथा रायपुर मंडल की जनसंपर्क टीम के सक्रिय प्रयासों का परिणाम है। इस प्रदर्शनी की आगंतुकों, विशिष्ट अतिथियों ने भी सराहना की। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रायपुर रेलवे स्टेशन के मेजर री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का मॉडल प्रदर्शन व वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, नमो भारत ट्रेन और अमृत भारत ट्रेन के मॉडल्स, रेलवे प्रश्नोत्तरी क्विज डिस्प्ले, एआई आधारित सेल्फी प्वाइंट, जहां आगंतुकों को फोटो प्रिंट कर निशुल्क दी गई। इसके अलावा 2003 से 2025 तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की विकास यात्रा दर्शाती एलईडी फिल्म व रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास से जुड़े बैकलिट पोस्टर डिस्प्ले ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

---

जंगल सफारी, कांगेर वैली जैसे प्रमुख बड्र्स डेस्टिनेशन में पहुंच रहे प्रवासी पक्षी

# सात समंदर पार से आए दुर्लभ प्रवासी पक्षियों ने डाला डेरा पर्यटकों के लिए बड्र्स डेस्टिनेशन बने आकर्षण का केंद्र

**कार्नर न्यूज**

रायपुर। छत्तीसगढ़ में ठंड की शुरुआत के साथ ही प्रवासी पक्षियों ने डेरा डाला है, जो पक्षी प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हैं। प्रदेश के प्रमुख बड्र्स डेस्टिनेशन में बेमेतरा जिले के गिधवा परसदा में सबसे बड़ा पक्षी विहार है, यहां 450 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों को देखने का अवसर मिलता है। यह डेस्टिनेशन पक्षी प्रेमियों के बीच बहुत लोकप्रिय है। कांगेर वैली नेशनल पार्क अपनी समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है और 200 से अधिक पक्षी प्रजातियों का घर है। अचानकमार वन्यजीव अभयारण्य, यहां पक्षियों की विभिन्न प्रजाति देखने को मिलती है। बार नवापारा वन्यजीव अभयारण्य, यहां लगभग 150 पक्षी प्रजातियां मिलती हैं। जंगल सफारी नया रायपुर, भाठागांव बर्ड वाचिंग पॉइंट, ये रायपुर में खारुन नदी के तट पर स्थित एक लोकप्रिय स्थान है, जो स्थानीय पक्षियों को देखने और फोटोग्रॉफी के लिए उत्तम है। सर्दियों का समय इन स्थानों पर जाने के लिए विशेष रूप से अच्छा होता है, क्योंकि इस दौरान कई प्रवासी पक्षी यहां आते हैं।





### जंगल सफारी नवा रायपुर, भाठागांव बर्ड वाचिंग पॉइंट में पाइड व्हीटियर

शहर के पक्षी प्रेमियों व बड्र्स फोटोग्रॉफर्स की मानें तो जंगल सफारी नवा रायपुर, भाठागांव बर्ड वाचिंग पॉइंट में पाइड व्हीटियर पक्षी देखा गया है। जानकारों के मुताबिक, यह मध्य एशिया और यूरोप में प्रजनन करता है और सर्दियों में अफ्रीका तथा भारत आता है। छत्तीसगढ़ में इन दिनों यह नवा रायपुर जंगल सफारी व भाठागांव वाटर पार्क में प्रवास कर रहा है। इस सर्दी के मौसम में इस पक्षी को शहर के बड्र्स डेस्टिनेशन में देखना पर्यटकों के लिए आनंद का विषय है।

इनमें कई ऐसे दुर्लभ पक्षी हैं, जिन्हें देखना बेहद मुश्किल होता है। पक्षी प्रेमी अक्सर इस मौसम में इन पक्षियों की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद करने के लिए बाहर निकलते हैं। इनमें से कुछ स्थानों पर इस सर्दी के मौसम में पहुंचने वाले यह दुर्लभ व खूबसूरत प्रवासी पक्षियों की प्रजाति स्थानीय लोगों, पक्षी प्रेमियों व प्रोफेशनल बड्र्स फोटोग्रॉफरों का केंद्रबिंदु बना हुआ है। इन प्रवासी पक्षियों से इन जगहों का प्राकृतिक सौंदर्य दोगुना हो गया है। यहां पर पर्यटक भी बड़ी संख्या में शीतकालीन मौसम में जलाशयों, पहाड़ों, जंगल और इनके बीच प्रवासी पक्षियों की कलरव, अठखेलियां व सौंदर्य निहारने पहुंच रहे हैं।

### अमेरिका और अफ्रीका से प्रवासी बन पहुंचे मलार्ड पक्षी

यूरोप, अमेरिका और अफ्रीका के ठंडे इलाकों में पाए जाने वाले दुर्लभ मलार्ड पक्षी इन दिनों गिधवा-परसदा बर्ड डेस्टिनेशन में डेरा डाले हुए हैं, जहां पहली बार पर्यटकों व पक्षी प्रेमियों को दुर्लभ मलार्ड पक्षी का दीदार करने का मौका मिल रहा है। गिधवा-परसदा के पक्षी प्रेमी विवेक साहू ने बताया कि उन्हें बड्र्स फोटोग्राफी का शौक है। जब गिधवा परसदा बड्र्स डेस्टिनेशन घोषित नहीं हुआ था, तब से मैं यहां बड्र्स की फोटोग्रॉफी कर रहा हूं। यहां हर सीजन में एक बढ़कर एक अनोखे व आश्चर्य से भर देने वाली नई-नई प्रजाति की पक्षी पहुंचते हैं। लेटेस्ट में दुर्लभ मलार्ड पक्षी की पहचान गिधवा-परसदा पक्षी विहार के अधिकारियों द्वारा की गई है। वन विभाग के अनुसार, हाल के वर्षों में यहां रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड, ग्रे-लैग गूज, पेंटेड स्टॉर्क, कॉमन टील और ओपनबिल स्टॉर्क जैसे सैकड़ों प्रवासी पक्षियों का आगमन दर्ज किया गया है।

### कांगेर वैली नेशनल पार्क पहुंचे बार हेडेड गूस

यह हंस प्रजाति का पक्षी है, जो मध्य एशिया में पहाड़ी झीलों के पास दिखाई देता है और दक्षिण एशिया में सर्दियों में प्रजनन करता है। भारत के अलग-अलग इलाकों में इसे देखा जा सकता है। इन दिनों यह कांगेर वैली नेशनल पार्क में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है। इसके अलावा भी प्रदेश के अलग-अलग बड्र्स डेस्टिनेशन में प्रवासी पक्षियों के आगमन का सिलसिला बताया जा रहा है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### हीरा ग्रुप का कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट अगले माह, तैयारी शुरू



**रायपुर।** हीरा ग्रुप स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा कॉर्पोरेट निकायों के बीच आयोजित सीजन-16 सुरेश अग्रवाल मेमोरियल कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट दिसंबर, 2025 के दूसरे सप्ताह के दौरान हीरा ग्रुप स्पोर्ट्स ग्राउंड, राम वाटिका के सामने, ऊर्जा पार्क के पास, वीआईपी रोड, रायपुर में शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 32 टीमों के प्रारूप में टेनिस बॉल से सीमित ओवरों का खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट ने 15 वर्षों से विभिन्न कॉर्पोरेट घरानों की गहरी और मजबूत भागीदारी के साथ अविश्वसनीय सफलता हासिल की है। हर साल की तरह, टूर्नामेंट नॉकआउट आधार पर खेला जाएगा, जिसके लिए सभी 32 टीमों को 4 समूहों में विभाजित किया गया है। लीग राउंड के लिए 12 ओवर का मैच, प्री-क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल मैच के लिए 15 ओवर और सेमीफाइनल और ग्रैंड फाइनल मैच के लिए 20 ओवर के साथ, टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता का फैसला करने के लिए कुल 65 मैच खेले जाएंगे। नकद पुरस्कार विजेता टीम को अब बढ़ाकर 2 लाख रुपये कर दिया गया है और उपविजेता को 1 लाख रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, प्रत्येक श्रेणी में विजेता और उपविजेता, सेमी फाइनलिस्ट और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ-साथ मैन ऑफ द टूर्नामेंट के लिए कई ट्रॉफियां और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### अंडर-14 क्रिकेट सेमीफाइनल आज



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 प्लेट ग्रुप अंतर जिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच 8 नवंबर को खेला जाएगा। जिसमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में धमतरी विरुद्ध जांजगीर चांपा एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में रायगढ़ एवं दुर्ग के मध्य सेमी फाइनल मुकाबले होंगे।

### नेशनल जंप रोप चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ दल रीवा रवाना



**रायपुर।** जम्प रोप फेडरेशन ऑफ़ इंडिया एवं मध्यप्रदेश जम्प रोप एसोसिएशन के संयुक्त आयोजन में रीवा (मप्र) के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 18 वीं ऑल इंडिया राष्ट्रीय जंप रोप स्पर्धा शुक्रवार को शुरू हुई। 9 नवंबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ का 18 सदस्यीय दल रवाना हुआ। एसोसिएशन के महासचिव अखिलेश दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ टीम में अंडर 11 बालक वर्ग में अक्ष सोनी एवं बालिका वर्ग मे अविश फातिमा, अंडर–14 आयु वर्ग मेँ अभिराज अधिकारी, अंडर-18 युवराज देवांगन, आर्य सोनी, आदित्य शुक्ला, शिवम् राज , ईशांत वर्मा, योगेश प्रजापति, ऐश्वर्य ठाकुर, बालिका वर्ग में श्रुति जनबंधु, सीनियर वर्ग हर्ष मानिकपुरी, रुद्र दत्त, आयुष सोनी, मुख्य कोच हिमांशु कश्यप, ऋतिक वर्मा एवं मैनेजर युक्ति दुबे शामिल हैं।

### पैरालंपिक खिलाड़ी झा को सराहा उपराष्ट्रपति ने



**भिलाई।** अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत झा ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की रजत जयंती पर राजधानी रायपुर पहुंचे उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और खेल जगत की अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया। झा ने इस अवसर पर उपराष्ट्रपति को बताया कि हंगरी के बुडापेस्ट में होने जा रही वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिंग कप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने पूर्ण समर्पण से तैयारी कर रहे हैं। उपराष्ट्रपति ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### त्यौहार के माहौल में अक्सर पेट की गड़बड़ी हो सकती है, राहत जरूरी

# खान-पान में गड़बड़ी से बिगड़ गया है पाचन तो इन आसान उपायों से पा सकते हैं आराम

इस मौसम में आमतौर पर त्यौहारों की बहार रहती है। दीपावली, छोटी दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा जैसे त्यौहार बीतने के साथ अब मिलन के आयोजन हो रहे हैं, फिर शादियों का मुहूर्त भी है। ऐसे में सारे उत्सव मिठाइयों और लजीज खान-पान के बिना अधूरे है। हालांकि मीठे, तले हुए और मसालेदार खाद्य पदार्थ पाचन तंत्र में गड़बड़ी और कई प्रकार की अन्य दिक्कतों को बढ़ाने वाले माने जाते हैं। त्यौहारों के दौरान खाने में बदलाव और अधिक तले-भुने या मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन से पेट में गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। अगर आप भी इस तरह की दिक्कतों से परेशान हैं तो घबराएं नहीं, कुछ आसान से उपायों की मदद से इसमें आराम पाया जा सकता है।

त्यौहारों के बाद अक्सर लोग कुछ तरह की स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत करते हैं, इनमें खानपान की वजह से पेट फूलने, अपच, पेट में दर्द जैसी समस्याएं आम हैं। आइए कुछ आसान उपायों के बारे में जानते हैं जिनकी मदद से आप आराम पा सकते हैं।

खानपान में गड़बड़ी का पाचन पर असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, त्यौहारों के जश्न के बीच अपनी सेहत को प्राथमिकता देना बहुत



जरूरी है। अगर आप त्यौहारों के बाद पाचन समस्याओं को लेकर परेशान हैं तो इसके लिए डॉक्टर ने कुछ उपाय बताए हैं जिससे आपको लाभ मिल सकता है। खाने-पीने की आदतों को ध्यान में रखकर, संतुलित आहार का सेवन, शरीर को हाइड्रेटेड रखना और स्वस्थ जीवनशैली के विकल्पों को अपनाना अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है। पेट से संबंधित समस्याओं में कुछ प्रमुख उपायों से आराम पाया जा सकता है?

#### हल्का और सुपाच्य भोजन करें



त्यौहारों के बाद एक-दो दिन हल्का और सुपाचय भोजन करें। दलिया, मूंग दाल खिचड़ी, उबली हुई सब्जियां या सूप जैसी चीजें पचाने में आसान होती हैं और पेट को आराम देती हैं। आहार में दही और छाछ को जरूर शामिल करें। इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो गुड बैक्टीरिया का संतुलन बनाए रखते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं। एक कटोरी दही खाने से अपच में आराम मिल सकता है।

#### शरीर को हाइड्रेट रखना और गर्म पानी पीना लाभकारी



पाचन की दिक्कतों के लिए डिहाइड्रेशन को एक बड़ा कारण माना जाता रहा है। इसलिए जरूरी है कि आप दिनभर में कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। गर्म या गुनगुना पानी पीना आपके लिए और भी लाभकारी हो सकता है। दिन में कई बार थोड़ा-थोड़ा गुनगुना पानी पिएं। यह पाचन में सुधार करता है और विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पिएं। पेट को साफ करने और पाचन क्रिया को बढ़ावा देने में ये बहुत फायदेमंद माना जाता है।

#### ये घरेलू उपाय भी हैं फायदेमंद

पाचन की दिक्कतों में आराम पाने के लिए अजवायन का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। इसके सेवन से अपच और गैस की समस्याओं में आराम मिलता है। इसी तरह से अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो पेट की सूजन और अपच को कम करने में सहायक होते हैं। खाने के बाद सौंफ और मिश्री चबाना पाचन के लिए फायदेमंद होता है। इन उपायों के साथ खाने के बाद कुछ देर वॉक जरूर करना चाहिए। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने से पाचन की दिक्कतें दूर होती है और स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

### छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग

## नरेश चैलेंजर्स, ब्रह्मविद, फिल फाइटर्स और मेट्स पैंथर्स अंतिम चार में



**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग मुकाबलों के नौवें एवं अंतिम राउंड में पांच मैच खेले गए। क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले मुकाबले में स्वर्ण शिल्पी ब्लास्टर्स की टीम को डब्ल्यूओ के माध्यम से विजयी घोषित किया गया, क्योंकि इन्फिनिटी एफसी निर्धारित समय पर मैदान में उपस्थित नहीं हो सकी। दूसरे मुकाबले में ब्रह्मविद एफसी ने विला एफसी को कड़े संघर्ष में 3–2 से हराया।

ब्रह्मविद की ओर से अशोक 7 वें, भोले 40वें और अरुण 41वें मिनट ने शानदार गोल किए, जबकि विला एफसी की ओर से गौरव 8वें और उदय ने 35वें मिनट पर गोल दागे। तीसरे मुकाबले में नरेश चैलेंजर्स ने बॉर्नियो एफसी को 1–0 से मात दी। टीम के लिए एकमात्र निर्णायक गोल मनीष ने 17वें मिनट में किया। चौथे मुकाबले में फिल फाइटर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैट्स पैंथर्स को 3–1 से हराया। टीम के लिए प्रदीप ने 35वें और 50वें मिनट में दो और अमन ने 40वें मिनट में एक गोल किया, जबकि मैट्स पैंथर्स की ओर से सोनेन्द्र ने 45वें मिनट में गोल दागा। दिन का एवं लीग मुकाबलों का अंतिम मैच शराफत लायंस ने जेएसएफ क्लब को 3–0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।

#### फाइनल मुकाबला 10 को होगा

वीर स्पोर्ट्स क्लब के अध्यक्ष, अधिवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि टीम के लिए शिवम साहू ने चौथे मिनट में शुरुआती गोल किया, जिसके बाद श्रवण 21वें एवं 22वें मिनट में लगातार दो गोल दागकर टीम की बढ़त को अजेय बना दिया। लीग मुकाबलों के पश्चात अंक तालिका में 19 अंकों के साथ नरेश चैलेंजर्स शीर्ष पर, ब्रह्मविद दूसरे, फिल फाइटर्स तीसरे और मेट्स पैंथर्स टीम चौथे स्थान पर रही। शनिवार को क्वालीफायर 1 एवं एलिमिनेटर के मैच, रविवार को क्वालियर 2 एवं सोमवार 10 नवंबर को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

## वेटलिफ्टर ज्ञानेश्वरी व तीरंदाज चांदनी को मिला राज्य खेल अलंकरण



**रायपुर।** उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने राज्य अलंकरण समारोह में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली वेटलिफ्टर सुश्री ज्ञानेश्वरी यादव को गुंडाधूर सम्मान और छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय गौरव दिलाने वाली तीरंदाज सुश्री चांदनी साहू को महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान प्रदान किया। राजनांदगांव जिले के भोड़िया गांव की रहने वाली 22 वर्ष की सुश्री ज्ञानेश्वरी यादव ने दिसम्बर-2024 में बहरीन के मनामा शहर में आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वे वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रही थीं। वहीं महासमुंद जिले के बागबहरा की 15 साल की सुश्री चांदनी साहू ने जनवरी-फरवरी-2025 में उत्तराखंड में संपन्न 38वें नेशनल गेम्स में छत्तीसगढ़ को रजत पदक दिलाया था। वे नेशनल गेम्स में तीरंदाजी के टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाली छत्तीसगढ़ की चार सदस्यीय टीम में भी शामिल थीं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए राज्य अलंकरण मिलने पर बधाई दी है। कक्षा दसवीं में पढ़ रही सुश्री चांदनी साहू अभी बिलासपुर के बहतराई स्थित आवासीय तीरंदाजी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वे वहां वर्ष 2023 से प्रशिक्षण ले रही हैं। चांदनी ने वर्ष-2024 में जमशेदपुर में हुई सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी टीम इवेंट में रजत पदक जीता था। उन्होंने पश्चिम बंगाल के भोलपुर में इस साल आयोजित जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था।




## टेबल टेनिस में सुष्मिता नीरव और इशी बनें विजेता

- 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता जारी


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में 23वीं स्टेग ग्लोबल छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता जारी है। छह नवंबर को सीनियर महिला एकल वर्ग तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एवं बालिका एकल वर्ग संपन्न हुई। जिसमें फाइनल मैच में सीनियर महिला वर्ग विजेता- सुष्मिता सोम (बिलासपुर),उपविजेता - लावण्या पांडे (रायपुर) 4-0 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक वर्ग विजेता - नीरव तिवारी (रायपुर), उपविजेता- शिवाय मेघानी (बिलासपुर) 3-0 यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका वर्गः- विजेता - इशी मिश्रा (रायपुर), उपविजेता- करुणा बंजारे (बिलासपुर) 3-0 प्रतियोगिता में आज सीनियर पुरुष एकल वर्ग, यूथ अंडर-17 (जूनियर) तथा यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के अंतिम दौर के मुकाबले खेले जा रहे हैं। जिसमें फायनल के मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता में अभी तक खेले गए मैचों के परिणाम में सीनियर पुरुष वर्ग सेमीफायनल - अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने राजीव साहू (रायपुर) को 4 -1 तथा विशाल डेकाटे (रायपुर) ने अरिंदम देबनाथ (रायपुर) को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग सेमीफायनल अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर) ने दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर) को 3 -1 तथा आर्यन सिंह (रायपुर) ने रेयांश पाहवा (बिलासपुर)



को 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-17 (यूथ) बालिका वर्ग सेमीफायनल - समाया पांडे (रायपुर) ने लावण्या पांडे (रायपुर) को 3-2 तथा वेदी कछवाहा (रायपुर) ने सिया मेघानी (बिलासपुर) को 3-1 से हराकर फायनल में प्रवेश किया। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक वर्ग सेमीफायनल- हर्षवर्धन सिंह (बिलासपुर) ने राजदीप गांगुली (बिलासपुर) को 3-1 तथा शिखर बागडे (दुर्ग) ने अभिनव पीटर (रायपुर) को 3-2 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग सेमीफायनल - समाया पांडे (रायपुर) ने सस्मिता माने (दुर्ग) को 3-0 तथा अक्षिता बीनू (बिलासपुर) ने इशी मिश्रा (रायपुर) को 3-1 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी, अजीत बेनर्जी, पीएन मजूमदार हैं। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय जीवन बीमा निगम, मंडल कार्यालय रायपुर के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक राजेश कुमार सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रायपुर क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रमुख नरेश दुबे ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ला, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, मुख्य निर्णायक विमल नायर एवं प्रदीप जोशी उपस्थित थे।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## दिग्गज अदाकारा जून लॉकहार्ट ने उम्र की सदी पूरी कर आंख मूंद ली

हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जून लॉकहार्ट अब हमारे बीच नहीं रहीं। 100 साल की उम्र में उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता मोनिका स्थित अपने घर में आखिरी सांस ली। उनके चेहरे की मुस्कान और आंखों की चमक ने पीढ़ियों तक दर्शकों का दिल जीता। जून लॉकहार्ट उन कुछ अभिनेत्रियों में से थीं जिन्होंने सिनेमा के स्वर्ण युग से लेकर आधुनिक टीवी युग तक, हर दौर में अपनी पहचान बनाए रखी। जून की मौत नेचुरल तरीके से बताई जा रही है।



जून का जन्म एक फिल्मी माहौल में हुआ था। पिता जीन लॉकहार्ट और मां कैथलीन लॉकहार्ट दोनों ही लोकप्रिय कलाकार थे। ऐसे माहौल में कला उनके लिए सांस लेने जैसा सहज थी। बचपन में ही उन्होंने तय कर लिया था कि उन्हें पर्दे पर अपनी पहचान बनानी है। 1938 में परिवार के साथ उन्होंने 'अ क्रिसमस केरोल' से अपने करियर की शुरुआत की और पहले ही प्रोजेक्ट से दर्शकों को उन्हें इंप्रेस किया था। 1950 और 60 के दशक में जून लॉकहार्ट टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना नाम बन चुकी थीं। सीरीज 'लेजी' में उन्होंने रुथ मार्टिन का किरदार निभाया जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया। इस किरदार ने जून को घर-घर पहुंचा दिया। लेकिन उनका सफर यहीं नहीं रुका। 'लोस्ट इन स्पेसर्‍ में उन्होंने एक ऐसी मां का रोल निभाया। उनके अभिनय की सहजता और भावनाओं की गहराई ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमर कर दिया। जून लॉकहार्ट ने 'वैगन ट्रेन', 'गन्समोक', 'शी-वुल्फ ऑफ लंदन' और 'रॉहाइड' जैसे अनगिनत मशहूर टीवी शो में काम किया। अपने हर किरदार के साथ वो फैंस की चहेती बन गई। उनके परिवार ने बताया कि जून अपने जीवन के आखिरी दिनों तक बेहद खुशमिजाज रहीं। जून लॉकहार्ट का जाना हॉलीवुड के एक युग का अंत है। उन्होंने सिर्फ किरदार नहीं निभाए, बल्कि उन्होंने दर्शकों को भावनाओं की दुनिया से जोड़ दिया। उनकी मुस्कान में ममता थी, आंखों में कहानियां थीं और उनकी हर अदाकारी में जिंदगी की सच्चाई झलकती थी।

### टॉलीवुड

## दुलकर सलमान की फिल्म का गाना 'रेज ऑफ कांथा' रिलीज, योगी बी ने किया रैप

निर्देशक सेल्वामणि सेल्वराज की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कांथा' के निर्माताओं ने 30 अक्तूबर को फिल्म के जो शी ले टाइटल ट्रैक 'रेज ऑफ कांथा' को रिलीज कर दिया। जिसे लेकर दुलकर सलमान के फैंस काफी उत्साहित हैं।



दुलकर सलमान ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'कांथा' का टाइटल ट्रैक जारी किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'आपके भीतर की आग अब एक उग्र साउंडट्रैक है। 'रेंज ऑफ कांथा' वीडियो अभी जारी।' 'रेज ऑफ कांथा' गाना झानू चंथर ने बनाया है। यह गाना दो भाषाओं में है। गाने में तेज बीट्स, जोरदार गिटार और अच्छे बोल मिलकर पुराने अंदाज को नए अंदाज में पेश किया गया हैं। फैंस को यह गाना बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म का गाना 'रेज ऑफ कांथा' में योगी बी ने रैप किया है।

'कांथा' एक पुराने समय की ड्रामा थ्रिलर फिल्म है। इसमें दुलकर सलमान, समुथिरकानी और भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिकाओं में हैं। सेल्वमणि सेल्वराज ने इसे निर्देशित किया है। फिल्म इस साल 14 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। स्पिरिट मीडिया और वेफरर फिल्म्स के तहत राणा दग्गुबाती, दुलकर सलमान, प्रशांत पोटलुरी और जोम वर्गीस ने इसे बनाया है।

### भोजपुरी

## रानी के हाथ लगी एक और फिल्म पूजा-मुहूर्त के साथ शुरू की शूटिंग

अभिनेत्री रानी चटर्जी के लिए यह साल शानदार रहा है। बैक टू बैक उन्होंने कई फिल्मों की शूटिंग की है। अब एक और फिल्म उनकी झोली में गिरी है। भोजपुरी अदाकारा रानी चटर्जी ने 03 नवंबर को अपना 36वां जन्मदिन मनाया। बर्थडे सेलिब्रेशन के बाद वे तुरंत वर्क मोड पर एक्टिव हो गई हैं। आज बुधवार से उन्होंने एक नई भोजपुरी फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म का टाइटल है, 'यू पी वाली बिहार वाली'। रानी ने फिल्म के मुहूर्त की झलकियां शेयर की हैं। अभिनेत्री रानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है, जो फिल्म के मुहूर्त का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि रानी चटर्जी फिल्म की कास्ट और क्रू के साथ पूजा में हिस्सा ले रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'नई फिल्म की शुरूआत मेरी पसंदीदा टीम के साथ। 'यू पी वाली बिहार वाली', बहुत प्यारी कहानी और किरदार, जिसमें मेरे सह कलाकार संजना प्रशांत आलोक हैं। फिल्म के निर्देशक मंजुल जी हैं और फिल्म के निर्माता है संदीप जी मंजुल जी। रानी की इस फिल्म का टाइटल काफी दिलचस्प है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इसमें यूपी और बिहार दोनों की संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। फिल्म की कहानी भी शायद इसी पर आधारित हो।



लाइफ



मिडनाइट ब्लू का जादू

इस सीज़न के शरद और शीतकालीन कलेक्शन में मिडनाइट ब्लू का व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है। इसे ऊनी कोट, कॉटन-ब्लेंड ट्रेंच कोट और पॉपलिन कॉटन कम्प्यूटर शर्ट जैसे परिधानों में शामिल किया गया है, जो इसे लेटेस्ट ट्रेंड में शामिल करता है। केप-स्टाइल स्वेटर सेट में शामिल होने या चमड़े और धातु की सजावट के साथ पहनने पर यह एक सुरुचिपूर्ण और शानदार एहसास देता है।

## सफेद स्नीकर हो गए हैं गंदे तो इन आसान तरीकों से बनाएं चमकदार

सफेद स्नीकर आजकल का फैशन हैं और सभी पर अच्छे लगते ही हैं। फैशन को लेकर थोड़ा भी एक्टिव हैं तो ये जूते आपके पास होंगे ही। लेकिन ये जूते पहनने में जितने सुंदर लगते हैं, गंदे होने पर उन्हें साफ करना उतना ही कठिन हो जाता है। पहले जैसी चमक लाना तो मानिए कि असंभव ही लगता है। लेकिन घर पर ही कुछ ऐसे नुस्खे आजमाए जा सकते हैं, जिनके साथ ये जूते पहले की तरह ही चमकदार ही जाएंगे। नेल पेंट रिमूवर सफेद स्नीकर को साफ करने का ये एक आसान तरीका है। नेल पेंट रिमूवर इस्तमाल करने के लिए रुई को नेल पेंट रीमूवर में भिगो दें। इसे स्नीकर के दाग-चब्बों पर रगड़ें। दाग धब्बे साफ हो जाएंगे। आपके दांतों को साफ रखने वाला टूथपेस्ट आपके स्नीकर्स को भी सफेद रख सकता है। जूतों को गीले कपड़े से साफ कर लें। अब दाग धब्बों पर टूथपेस्ट लगा दें। सर्कुलर मोशन में ब्रश से टूथपेस्ट 10 मिनट तक रगड़ें। जूतों को साफ कर लें। अब जूतों को खुले में सूखने दें। टूथपेस्ट जेल वाला नही होना चाहिए, याद रखिए।

बेकिंग सोडा और विनेगर के इस्तेमाल से जूते दिखने में तो चमकदार हो जाते हैं। इनकी एंटीबैक्टिरियल खासियतें जूतों को अंदर से साफ कर देती हैं। जूतों से बदबू का खत्म भी इनके साथ किया जा सकता है। इसके लिए आधा कप विनेगर में एक चौथाई बेकिंग सोडा मिला लें और फोम वाला मिक्सचर बना लें। अब इस मिश्रण को जूतों पर रगड़ें और अगले 30 मिनट तक जूतों को सूखने दें। अब इन्हें धो लें।



नींबू के रस का सिट्रिक एसिड सफेद स्नीकर्स को अच्छे से साफ कर देता है। इनकी बदबू को भी ये साफ करता है। इसके लिए नींबू का रस ठंडे पानी में मिला लें। अब एक कपड़े को इस पानी में भिगोकर निचोड़ें और दागों पर रगड़ें। साबुन और पानी का पुराना तरीका भी आपके सफेद स्नीकर्स को अच्छे से साफ कर देगा। इसके लिए किसी भी लिक्विड सोप को हल्के गरम पानी में मिलाएं। इसमें जूतों को भिगो दें और कुछ देर बाद दागों को रगड़ें और धो दें।

## सर्दी में रंगों के ये शेड देंगे आपको बेस्ट लुक, आप भी इन्हें आजमाएं



सर्दी के मौसम में बेस्ट लुक पाने के लिए रंगों का चुनाव भी बेस्ट करना होता है। रंगों का ये चुनाव महंगे कपड़ों में आपका लुक बेस्ट दिखाने के लिए बेहद जरूरी है। इसलिए सिर्फ काले, भूरे रंगों में कपड़े पहनने से अच्छा है कि कुछ प्रयोग करें और फैशन टिप्स को ध्यान में रखते हुए ही कपड़ों के रंग चुनें-

### स्किन टोन को पहचानें



कपड़ों के रंग चुनने के लिए जरूरी है कि आपको अपनी स्किन टोन पता हो। स्किन टोन के हिसाब से चुने गए रंगों का लुक बहुत अच्छा आता है। फोरआर्म को देखें। क्या ये काफी सफ़ेद हैं तो आप गाढ़े रंग ही चुनें। अगर स्किन डार्क है तो इस पर हल्के रंग पहनना ज्यादा बेहतर होता है।

### गाढ़े रंगों के साथ ब्राइट कलर



ये एक बहुत ही सामान्य नियम है कि गाढ़े रंगों के साथ ब्राइट रंग और ज्यादा ब्राइट लगते हैं। इसलिए काली जींस के साथ अगर आप हल्के पीले रंग की शर्ट भी पहनेंगे तो ये रंग अलग से दिखेगा। इसकी जगह आप ऐसे ब्राइट रंगों के साथ नेवी या ग्रे कलर पहनें तो कलर बैलेंस बना रहेगा।

### फैब्रिक कौन सा है

रंगों का चुनाव करते हुए ये भी देखना होता है कि उनमें मटेरियल कौन सा इस्तेमाल हुआ है। कोई रंग पॉलियस्टर पर अलग दिखेगा तो कॉटन पर अलग।

हो सकता है आप जिस मटेरियल पर वो रंग चुन रहे हों, वो उस पर न अच्छा लगे। नेचुरल मटेरियल जैसे कॉटन पर डाई किए हुए रंग बेहतर लगते हैं। ।

### सीजन के हिसाब से ड्रेसिंग

कपड़ों को सीजन के हिसाब से भी पहना जा सकता है। जैसे सर्दी में अपनी पसंद के रंगों के गाढ़े शेड इस्तेमाल में लाएं। जैसे गर्मी में आप लाल के शेड पहन लेते हैं तो सर्दी में बरगंडी आप पर अच्छा लगेगा।

## बालों को 'हाइलाइट' कराने का है मन तो उठाएं ये कदम

का जरूर रखें ध्यान, वरना बिगड़ जाएगा लुक बालों को अलग रंग से हाइलाइट कराने पर ना सिर्फ लुक बदल जाता है, साथ ही इससे आपकी पर्सनेलिटी में भी बदलाव होता है। हाइलाइट्स की वजह से बालों में अतिरिक्त चमक भी आ जाती है। बालों में हाइलाइट कराते वक्त रंग का चयन ध्यान से करें। हाइलाइट कराने से पहले अपने स्किन टोन का भी ध्यान रखें क्योंकि बालों के रंग में बदलाव की वजह से या तो आपका लुक काफी बेहतर हो जाएगा या हो सकता है कि बिगड़ जाए। ऐसे में रंग का चयन करते वक्त स्किन टोन और मौसम दोनों का ख्याल रखें।

यहां बात बालों की हो रही है, ऐसे में हाइलाइट उसी जगह कराएं, जहां आपको प्रोफेशनल आपके बालों को मैनेज करें। अगर आप किसी ऐसी-वैसी जगह पर हाइलाइट कराएंगे तो हो सकता है कि आपके बाल डैमेज हो जाएं। इसी के चलते बाल वहीं से हाइलाइट कराएं, जहां प्रोफेशनल मौजूद हों। बहुत से लोग एक साथ दो-तीन रंगों से बालों को हाइलाइट कराते हैं। वैसे तो कई लोगों पर ये लुक अच्छा लगता है



लेकिन फिर भी हाइलाइट कराते वक्त ध्यान रखें कि अगर आप कई रंगों का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है क्योंकि ये हर किसी पर नहीं जचता। इसके साथ ही अलग-अलग रंगों की वजह से कई केमिकल आपके बालों में जाएंगे, जिससे बाल खराब हो सकते हैं। ध्यान रखें कि अगर आप एक बार बालों को हाइलाइट करा लेंगे तो आपको सल्फेट वाले शैंपू से दूर रहना होगा। हाइलाइट कराने के बाद हमेशा अच्छी क्वालिटी के शैंपू और कंडीशनर का इस्तेमाल करें।

## फलों से करें फेशियल, निखर उठेगा चेहरा

त्यौहारों के इस मौसम में आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में जानना चाहिए जिनके इस्तेमाल से आपके चेहरे की चमक बरकरार रहेगी। इन फलों से अगर आप फैसपैक बनाएंगे तो इससे चेहरे के दाग-धब्बे कम होंगे और त्योहारों में आपका चेहरा भी खिला-खिला रहेगा।

पपीते में मौजूद तत्व आपकी त्वचा से डेड स्किन को खत्म करते हैं। इसका पैक बनाने के लिए सबसे पहले पपीते के 2 टुकड़े लेकर मैश करें और उसमें एक चम्मच शहद डालकर मिक्स करें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं।

संतरे में विटामिन सी के साथ-साथ कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे की चमक बरकरार रखते हैं। ऐसे में इसके इस्तेमाल के लिए आप 3 चम्मच संतरे के छिलकों का पाउडर लेकर उनमें एक चम्मच दही और एक चम्मच शहद एक कटोरी में मिलाएं। इससे इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा।

केले में पाए जाने वाले तत्व जिस तरह से शरीर को फायदा पहुंचाते हैं, ठीक उसी तरह के उससे बना पैक आपके चेहरे को चमका सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले आधे केले में आधा चम्मच ही हल्दी और एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इसके बाद इस पैक को चेहरे पर लगाएं। कुछ समय के बाद चेहरा साफ कर लें।



इसका फेसपैक बनाकर आप अपने चेहरे को चमका सकते हैं। इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले 4-5 स्ट्रॉबेरी पीस लें। इसके बाद अब एक चम्मच में कोकोआ पाउडर और एक चम्मच शहद डालकर पेस्ट बना से लें। अब इसे चेहरे पर 15 से 20 मिनट लगाएं और फिर चेहरा धो लें। खीरे में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर को हाइड्रेट करते हैं। ऐसे में आप खीरे का फेसपैक बनाकर इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपका चेहरा हाइड्रेट रहेगा।

कार्नर न्यूज

स्पॉन्ज इस्तेमाल करते हुए छोटी-छोटी गलतियों से बचें


## महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से रोकता है स्पॉन्ज, सावधानी से कीजिए इसका इस्तेमाल

मेकअप करते हुए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स व टूल्स का इस्तेमाल करते हैं और इनमें से एक है मेकअप स्पॉन्ज। यह एक ऐसा टूल है, जिसकी मदद से आप अपने मेकअप प्रोडक्ट्स को अपनी स्किन पर बेहतर तरीके से अप्लाई कर पाती हैं। इतना ही नहीं, यह आपके महंगे व ब्रांडेड प्रोडक्ट्स को वेस्ट होने से भी रोकता है।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मेकअप स्पॉन्ज आपकी मेकअप किट में होना बेहद जरूरी है। लेकिन आपको इसके हाइजीन को भी मेंटेन करना चाहिए। इस्तेमाल करने के बाद आपको इसे क्लीन अवश्य करना चाहिए। साथ ही, क्लीनिंग के दौरान आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए।

### मेकअप स्पॉन्ज को पहले सोक ना करना

जब आप मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते हैं तो उसे पहले सोक करना जरूरी होता है। स्पॉन्ज को सोक करने से उस पर लगे मेकअप को लूज करने में मदद मिलती है और वह अधिक बेहतर तरीके से क्लीन



होता है। हालांकि, कई बार हम मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करने से पहले उसे सोक नहीं करते हैं। जिससे वह उतना अच्छी तरह क्लीन नहीं हो पाते हैं।

### हार्श क्लींजर का इस्तेमाल करना

मेकअप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय क्लींजर की जरूरत पड़ती है। लेकिन आप किस तरह के क्लींजर (रूखी स्किन के लिए होममेड क्लींजर) का इस्तेमाल कर रहे हैं, इसका आपको ख्याल रखना चाहिए। कई बार हम हार्श साबुन या डिश डिटर्जेंट आदि का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन ऐसा करने से मेकअप स्पॉन्ज बहुत ही जल्दी खराब हो जाता है। इतना ही नहीं, इस तरह के हार्श क्लींजर आपकी स्किन को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके लिए किसी जेंटल और फ्रेगरेंस फ्री स्पॉन्ज क्लीनर से ही मेकअप स्पॉन्ज को साफ करें।

### बहुत गर्म पानी से धोना

ऐसा माना जाता है कि गर्म पानी से स्पॉन्ज को क्लीन करने से उसमें मौजूद बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं। लेकिन अगर आप इस चक्कर में बहुत अधिक गर्म पानी का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्पॉन्ज को नुकसान होता है। यहां तक कि इससे उसका टेक्सचर भी खराब हो सकता है। इसलिए, हमेशा ध्यान रखें कि आप स्पॉन्ज को क्लीन करते समय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। स्पॉन्ज काफी सॉफ्ट होता है और इसलिए जब इसे बहुत जोर से रब किया जाता है तो इससे स्पॉन्ज फट सकता है या फिर खराब हो सकता है। इसलिए, आप स्पॉन्ज को जोर से ना रगड़े।

